19 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 299


पुतिन ने मोदी को फोन किया, ट्रंप से बातचीत की जानकारी दी








## पलामू जिले के तरहसी कस्तूरबा स्कूल में लापरवाही

# हॉस्टल का खाना खाने के बाद 40 छात्राएं बीमार

### ■ सात की स्थिति गंभीर, मेदिनीनगर अस्पताल रेफर ■ सुबह नाश्ते में सोयाबीन की सब्जी और रोटी दी गयी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सुबह नाश्ते में सोयाबीन की सब्जी और रोटी खाने के बाद 40 छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्हें उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने लगी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गयी। बीमार छात्राओं को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सात की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्राओं की हालत स्थिर है और वे फिलहाल खतरे से बाहर हैं।

**रविवार रात भी खाया था स्कूल का खाना :** जानकारी के मुताबिक रविवार रात को भी छात्राओं ने विद्यालय में पूड़ी-सब्जी खायी थी। चूंकि जन्माष्टमी का पर्व था, इसलिए कई छात्राओं ने व्रत रखा था। माना जा रहा है कि लंबे समय तक खाली पेट रहने और भोजन में मिलावट या खराबी के कारण यह स्थिति बनी। घटना के बाद परिजनों को सूचना दी गयी और कई अभिभावक अस्पताल पहुंचे।



इस घटना से अभिभावकों में गुस्सा है। उनका कहना है कि छात्राओं के स्वास्थ्य और खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन लापरवाही के कारण बच्चों की जान खतरे में पड़ी। परिजनों ने मांग की है कि भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच हो और दोषियों को सख्त सजा मिले।

### डीइओ ने दिया जांच का निर्देश

छात्राओं की तबीयत बिगड़ते ही स्कूल प्रशासन हरकत में आया और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी। घटना की खबर जैसे ही फैली, जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और स्वास्थ्य विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक सौरव प्रकाश ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जायेगी। साथ ही, जिन कर्मचारियों या वार्डन की लापरवाही सामने आयेगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा' गयाजी पहुंची

# वोटों की चोरी संविधान की मूल भावना के विरुद्ध : राहुल गांधी

- भाजपा और चुनाव आयोग पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता


**गयाजी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वोटों की चोरी संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। चुनाव आयोग उसको अंजाम दे रहा है। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया वोट चोरी का साधन बन गयी है। इसी के माध्यम से भाजपा ने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव जीते, जहां कांग्रेस के वोट घटे नही लेकिन फर्जी मतों के चलते भाजपा के मत बढ़ गये। राहुल सोमवार को बिहार के गयाजी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

बताते चलें कि राहुल गांधी बिहार में एसआइआर के खिलाफ 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाल रहे हैं। यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी का काफिला औरंगाबाद से गयाजी पहुंचा। यहां खालिस पार्क चौक पर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके चार महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग ने जादुई तरीके से एक करोड़ नये मतदाता जोड़ दिये।



### बिहार की जनता देगी जवाब : राहुल

राहुल गांधी ने संविधान की एक प्रति हाथ मे ले कर भीड़ को दिखाया और कहा कि वोट की चोरी संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। इसका जवाब बिहार की जनता मतदान के समय देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के जो अधिकारी संविधान के विरुद्ध काम कर रहे हैं, सरकार बदलने के बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत कम नहीं हुआ, वोट उतने ही रहे। लेकिन जहां नये मतदाता जुड़े, वहां भाजपा को जीत मिली। इसका मतलब है कि महाराष्ट्र और हरियाणा दोनों जगह चुनाव में वोट चुराये गये।



# मुख्यमंत्री अब स्व. रामदास सोरेन के विभाग भी देखेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वर्गीय रामदास सोरेन को आवंटित विभाग अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देखेंगे। रामदास सोरेन के जिम्मे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अलावा निबंधन विभाग था। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी कर दिया है। इसमे कहा गया है कि पूर्व आवंटित विभागों के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जिम्मे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग भी रहेगा। इसे तत्काल प्रभाव से माना जायेगा। बताते चलें कि दो अगस्त को बाथरुम में ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद उन्हें एयर लिफ्ट कर दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया था। वहां लगभग 14 दिनों तक उनका इलाज चला, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। 16 अगस्त को रामदास सोरेन का इलाज के दौरान दिल्ली में निधन हो गया। उनके पास स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता और निबंधन विभाग था।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता को सुप्रीम कोर्ट से राहत

- अवमानना याचिका हुई खारिज
- डीजीपी की नियुक्ति को दी थी चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजरिया की पीठ ने मामले की सुनवाई की। अदालत ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर अवमानना याचिका को खारिज कर दिया। अदालत के फैसले से डीजीपी अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जनहित याचिका में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। नियमावली को चुनौती दी गयी है, उस पर पर अलग सुनवाई हो सकती है। बता दें कि बाबूलाल मरांडी ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाये जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी, जबकि हाइकोर्ट में सरकार की डीजीपी नियुक्ति को लेकर बनायी गयी नियमावली को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि डीजीपी की नियुक्ति पूरी तरह से राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्होंने तर्क दिया कि अनुराग गुप्ता को सभी नियमों का पालन करते हुए डीजीपी बनाया गया है। अदालत ने सरकार की इस दलील को स्वीकार करते हुए अवमानना याचिका को खारिज कर दिया।

**बाबूलाल ने उठाये थे सवाल :** गौरतलब है कि बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती दी थी। याचिका में मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया गया था। मरांडी का कहना था कि नियुक्ति प्रक्रिया प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के खिलाफ हुई है।

### डीजीपी नियुक्ति में केंद्र और राज्य आमने-सामने

बताते चलें कि डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच टकराव लगातार जारी है। अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले थे। राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल के विस्तार के लिए केंद्र को पत्र भेजा, लेकिन केंद्र ने प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। केंद्र का स्पष्ट कहना है कि गुप्ता की सेवा 30 अप्रैल को ही समाप्त हो गयी। इसके बावजूद राज्य सरकार ने उन्हें डीजीपी पद पर बनाये रखा है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की नियुक्ति नियमावली को नियम विरुद्ध करार देते हुए सेवा विस्तार को असंवैधानिक बताया है। उधर, झारखंड सरकार अपने रुख पर कायम है और गुप्ता की नियुक्ति को वैध ठहरा रही है।

# डीएमके सांसद सिवा विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार हो सकते हैं

- एनडीए ने तमिलनाडु के ही राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** डीएमके के राज्यसभा सांसद तिरुचि सिवा विपक्षी गठबंधन आइएनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार हो सकते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। बताते चलें कि एनडीए ने तमिलनाडु के नेता सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है। ऐसे में कहा जा रहा है कि इंडिया ब्लॉक का सिवा को उम्मीदवार बनाना एक राजनीतिक कदम हो सकता है। इससे मुकाबला तमिलनाडु के दो नेताओं के बीच होगा। इनके अलावा, अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का भी उम्मीदवार के लिए नाम चल रहा है।



### राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

एनडी से उपराष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित होने के बाद सीपी राधाकृष्णन सोमवार को दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, प्रहलाद जोशी समेत अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर किया है।






## न्यूज रील्स

### पीएम से मिले शुभांशु, मोदी ने गले लगाया



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से सोमवार शाम दिल्ली में मुलाकात की। मोदी ने शुभांशु से हाथ मिलाया और गले लगा लिया। पीठ थपथपाते हुए शाबाशी भी दी। शुभांशु ने टैबलेट पर उन्हें अंतरिक्ष के सफर की तस्वीरें दिखायीं। मोदी के साथ शुभांशु की ये मुलाकात करीब 20 मिनट चली। प्रधानमंत्री ने शुभांशु से अंतरिक्ष में बिताये 18 दिन के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। अंतरिक्ष में किस तरह के प्रयोग किये इसके बारे में जानकारी ली। शुभांशु से यह भी पूछा कि जीरो ग्रेविटी में सर्वाइव करना कितना मुश्किल था? उनके लिए कौन-कौन सी चुनौतियां सामने आ रही थीं? शुभांशु ने उन्हें विस्तार से सारी जानकारी दी।

# चार शिकारी हथियार समेत गिरफ्तार

- वन विभाग ने शिकार की बड़ी साजिश को नाकाम किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** वन प्रमंडल के बीसी-02 क्षेत्र अंतर्गत ललमटिया रोड नंबर-02 में वन विभाग ने जंगली जानवरों के शिकार की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। विभाग की तत्परता से चार शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चार भरठुआ देशी बंदूकें, 15 ग्राम बारूद, टॉर्च, चाकू, तसला और अन्य शिकार के उपकरण बरामद किये गये। सभी के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**गोली की आवाज से हरकत में आये कर्मी :** जानकारी के अनुसार, 17 अगस्त दोपहर करीब 1:30 बजे गश्त के दौरान वनकर्मियों को जंगल की ओर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। टीम तुरंत मौके पर पहुंची, तो वहां दो लोगों को शिकार की तैयारी करते हुए देखा। वन विभाग की टीम को देख कर उन्होंने गोली चलाते हुए भागने की कोशिश की। इस गोलाबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच वनकर्मियों ने दोनों को दबोच लिया। दोनों आरोपी की पहचान लोधा मुंडा और लखन परहिया के रूप में हुई है।

**अन्य दो लोग चुंगरू गांव से हुए गिरफ्तार :** प्राप्त जानकारी के अनुसार पूछताछ में दोनों आरोपियों लोधा और लखन ने अपने अन्य साथियों के बारे में बताया। इसके बाद 18 अगस्त की सुबह 5 बजे चुंगरू गांव में छापेमारी कर सोमा मुंडा और बलराम सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से भी दो भरठुआ बंदूकें और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये। छापामारी दल में रेंजर उमेश दुबे, प्रभारी वनपाल संतोष सिंह, राम कुमार समेत कई वनकर्मी शामिल थे।



### दोषियों को कड़ी सजा दिलायेंगे

वन विभाग ने चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 9, 27, 29, 31, 50, 51 और 52, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। डीएफओ प्रजेश कांत जेना ने कहा कि वन्यजीवों के शिकार की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। दोषियों को कड़ी सजा दिलायी जायेगी। जंगल की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए निगरानी एवं गश्त को और सघन किया गया है।

# चीन के विदेश मंत्री भारत पहुंचे, सीमा विवाद पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत पहुंच गये हैं। दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर चीनी विदेश मंत्री का स्वागत किया गया। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद, द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा की। वांग यहां पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई प्रमुख प्राथमिकता है। मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बड़ा एलान

# रोजगार मिलने तक प्रवासी श्रमिकों को ₹5000 प्रति माह देगी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। ममता ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नयी योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपये दिये जायेंगे। कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाये जाने सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं। मंत्रिमंडल ने वापस लौटने और अपना जीवन नये सिरे से शुरू करने के इच्छुक प्रवासी श्रमिकों के पुनर्वास में मदद के लिए इस योजना को मंजूरी दी है।



**केंद्र सरकार पर लगाया आरोप:** ममता ने यह भी आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग का गलत इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) लाने की कोशिश की जा रही है, जिसे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) के नाम पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ बंगाली भाषी मजदूरों को यह कहकर बांग्लादेश भेजा जा रहा है कि वे भारत के नागरिक नहीं हैं। मैं अपनी आखिरी सांस तक लोगों के बोलने, चलने और उनके मूल अधिकारों को छीने जाने के खिलाफ लड़ती रहूंगी।

### बंगाली को भाषा के चलते किया जाता है परेशान : ममता बनर्जी

इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया था कि बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी कहकर जबरन बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के प्रवासी मजदूरों को दूसरी जगहों पर सिर्फ उनकी भाषा की वजह से परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि जब वह इसका विरोध करती हैं, तो कुछ लोग उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की मांग करते हैं।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 19 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# तेजस्वी के सारथी बनने से सियासत गर्म

## ■ पिछली बार भी राहुल की गाड़ी की स्टीयरिंग तेजस्वी के हाथ थी

## ■ इसके पीछे राजद की सोची-समझी रणनीति और कांग्रेस की मजबूरी

**बिहार में आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर अब सियासत खुल कर सामने है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाये गये आरोपों के बाद उन्होंने बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू की है। यह यात्रा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ शुरू की गयी है, जो अगले 16 दिनों में 25 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ तेजस्वी यादव भी होंगे, जिसे लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है। सबसे बड़ा सवाल यह किया जा रहा है कि आखिर तेजस्वी यादव बार-बार राहुल गांधी की सारथी की भूमिका में क्यों रहते हैं। इसके पीछे की क्या रणनीति है। पिछली बार जब राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में बिहार की यात्रा की थी, तब भी तेजस्वी ही उनके सारथी बने थे। इस बार भी यही स्थिति है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि आखिर तेजस्वी यादव ऐसा क्यों कर रहे हैं। बिहार में सबसे बड़ी पार्टी का नेता होने के बावजूद तेजस्वी नेतृत्व की भूमिका क्यों नहीं निभा रहे। इस सवाल का जवाब इतना आसान नहीं है, क्योंकि इसके पीछे कांग्रेस की मजबूरी और राजद की रणनीति है। वास्तव में तेजस्वी यादव अपने खिलाफ उठनेवाली हर उस आवाज को अभी से ही खत्म करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं, जिसकी उन्हें आशंका है। दूसरी तरफ कांग्रेस को भी बिहार में अपना पैर जमाने के लिए एक मजबूत सहयोगी की जरूरत है, जो राजद पूरा कर रहा है। तो यह सब कुछ दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो रहा है। तेजस्वी के राहुल के सारथी बनने के पीछे की क्या है सियासत और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह




राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' का सोमवार दूसरा दिन था। सासाराम से 17 अगस्त को यात्रा शुरू हुई। राहुल की यात्रा ने बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ ला दिया है। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव का राहुल गांधी की कार ड्राइव करते हुए नजर आना और पहले उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान भी ऐसा ही दृश्य देखा जाना कई सवाल खड़े करता है। बिहार की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद आरजेडी का कांग्रेस के प्रति यह रवैया क्या दर्शाता है? क्या यह केवल एक महागठबंधन की एकजुटता का प्रतीकात्मक इशारा है या फिर इसके पीछे गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं? खासकर आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर?

### वोट अधिकार यात्रा और आरजेडी

कांग्रेस की ओर से जैसा बताया गया है कि राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा, जो 16 दिनों में 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए बिहार के लगभग 25 जिलों से गुजरेगी, का उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करना है। इस यात्रा में तेजस्वी यादव की सक्रिय भागीदारी और उनका राहुल गांधी की कार ड्राइव करना एक मजबूत गठबंधन की छवि पेश करता है। यह दृश्य प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश देता है कि आरजेडी और कांग्रेस एक साझा मिशन के लिए एकजुट हैं। तेजस्वी का यह कदम न केवल उनकी व्यक्तिगत नजदीकी को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि आरजेडी बिहार में अपनी मजबूत स्थिति के बावजूद कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहा है।

लोकसभा चुनाव से पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान तेजस्वी का राहुल की कार ड्राइव करना भी चर्चा में रहा था। यह बार-बार दोहराया गया प्रतीकात्मक कदम केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित नहीं हो सकता है, बल्कि यह बिहार की जटिल राजनीतिक गतिशीलता में इंडी अलायंस की रणनीति को भी दर्शाता है। बिहार में आरजेडी 2020 के विधानसभा चुनावों में 75 सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, जबकि कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़कर केवल 19 सीटें जीती थीं। फिर भी तेजस्वी का यह व्यवहार यह सवाल उठता है कि क्या आरजेडी कांग्रेस के सामने नतमस्तक हो रही है या यह एक सोची-समझी रणनीति है?

### आरजेडी और कांग्रेस का गठबंधन

आरजेडी और कांग्रेस का गठबंधन बिहार में दशकों पुराना है। तेजस्वी यादव ने स्वयं इसे बसे पुराना गठबंधन करार दिया है, जिसमें दोनों पार्टियां हर स्थिति में एक-दूसरे के साथ रही हैं। हालांकि यह गठबंधन हमेशा सहज नहीं रहा। 2024 के लोकसभा चुनावों में सीट-बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच तनाव देखा गया था। आरजेडी ने 26 सीटों पर, कांग्रेस ने नौ सीटों पर और वाम दलों ने पांच सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस दौरान, औरंगाबाद और पूर्णिया जैसी सीटों पर आरजेडी के एकतरफा फैसलों से कांग्रेस में नाराजगी थी। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस और आरजेडी की तल्खी और बढ़ गयी थी। ममता बनर्जी ने जब राहुल गांधी की जगह इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व खुद संभालने की बात कही, तो आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने उनका समर्थन किया था। इतना ही नहीं, तेजस्वी यादव ने तो इसका अस्तित्व सिर्फ लोकसभा चुनाव तक ही बता दिया था।

### दोस्ती के पीछे सीट बंटवारा

वर्ष 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए भी सीट-बंटवारा एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। आरजेडी, जो 2020 में 144 सीटों पर लड़ी थी, इस बार भी कम से कम 135-140 सीटों पर लड़ने की इच्छुक है। वहीं कांग्रेस, जो पिछली बार 70 सीटों पर लड़ी थी, इस बार अपने पत्ते नहीं खोल रही है। कांग्रेस का तर्क है कि उसे पिछली बार कई 'मृत सीटें' (वैसी सीटें, जो न तो कांग्रेस और न ही आरजेडी ने दशकों में जीती थीं) दी गयी थीं। इसी कारण उसका प्रदर्शन कमजोर रहा। उदाहरण के लिए, पश्चिमी और पूर्वी चंपारण की नौ सीटों में से सात और पटना जिले की चार में से तीन सीटें एनडीए का गढ़ थीं। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने अभी तक तेजस्वी को सीएम फेस घोषित करने की हरी झंडी भी नहीं दी है, जबकि 2020 के चुनाव में कांग्रेस ने तेजस्वी को सहर्ष सीएम फेस घोषित किया था।

### आरजेडी को है अड़ंगे का डर

आरजेडी की स्थिति बिहार में मजबूत है, लेकिन वह यह भी जानता है कि कांग्रेस के बिना महागठबंधन की एकता कमजोर पड़ सकती है। हरियाणा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी से अलग होकर कांग्रेस के लड़ने का नतीजा आरजेडी देख चुका है। वैसे तेजस्वी यादव ने बार-बार कहा है कि गठबंधन में कोई तनाव नहीं है और दोनों पार्टियां एक-दूसरे को समझती हैं। फिर भी कांग्रेस की ओर से 'विनेबल' सीटों की मांग और 'मृत सीटों' के मुद्दे ने आरजेडी पर दबाव बढ़ाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने साफ कहा है कि सीटें प्रभाव और जीतने की संभावना के आधार पर दी जानी चाहिए। वहीं, आरजेडी का तर्क है कि कठिन सीटों पर भी जीत संभव है, जैसा कि उसने 2024 में बक्सर लोकसभा सीट पर एनडीए के गढ़ को तोड़कर दिखाया।

### साथ छूटने का भय

आरजेडी को इस बात का भी डर है कि यदि कांग्रेस को कम सीटें दी गयी या उसकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वह गठबंधन से बाहर निकल सकती है या फिर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की धमकी दे सकती है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, जो हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए हैं, ने दावा किया है कि यदि कांग्रेस अकेले लड़े, तो वह 40 सीटें जीत सकती है। हालांकि यह दावा अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह आरजेडी के लिए एक चेतावनी है। इसके अलावा महागठबंधन में अन्य छोटे दल, जैसे विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और वाम दल भी अधिक सीटों की मांग कर रहे हैं। वीआइपी के नेता मुकेश साहनी ने 60 सीटों और उपमुख्यमंत्री पद की मांग की है, जो गठबंधन की एकता को और जटिल बनाता है।

### कहीं आरजेडी की रणनीति तो नहीं

तेजस्वी यादव का राहुल गांधी की कार ड्राइव करना और उनकी यात्रा में सक्रिय भागीदारी आरजेडी की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। आरजेडी यह संदेश देना चाहता है कि वह गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कांग्रेस को महत्व देता है। यह कदम विशेष रूप से तब महत्वपूर्ण हो जाता है, जब सीट-बंटवारे की बातचीत में तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। आरजेडी जानता है कि बिहार में एनडीए के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी गठबंधन के लिए कांग्रेस का साथ जरूरी है, खासकर उन क्षेत्रों में, जहां कांग्रेस का प्रभाव है, जैसे किशनगंज या कुछ शहरी सीटें। आरजेडी की रणनीति में सामाजिक समीकरण भी महत्वपूर्ण हैं। पार्टी अपने परंपरागत यादव और मुस्लिम वोट बैंक के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दलित समुदायों को भी जोड़ना चाहती है। कांग्रेस की उपस्थिति गठबंधन को एक व्यापक सामाजिक आधार देती है, जो आरजेडी के लिए फायदेमंद है। तेजस्वी का यह प्रतीकात्मक कदम यह भी दिखाता है कि वह व्यक्तिगत रूप से राहुल गांधी के साथ अपने संबंधों को मजबूत रखना चाहते हैं, जो भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

### सीट-बंटवारे की चुनौतियां

2025 के विधानसभा चुनावों के लिए महागठबंधन में सीट बंटवारा एक जटिल प्रक्रिया है। आरजेडी की कोशिश है कि वह 2020 की तरह 140-144 सीटों पर लड़े, लेकिन कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों की मांगों ने इसे मुश्किल बना दिया है। वाम दल, विशेष रूप से भाकपा-माले, जो 2020 में 19 में से 12 सीटें जीतने में सफल रही थी, इस बार 40-45 सीटों की मांग कर रही है। इसके अलावा, नये सहयोगी जैसे पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) भी 5-12 सीटों की मांग कर रहे हैं।

---

# प्रशांत के आनंद अब कमल खिलाने को तैयार




### 14वीं बार पार्टी बदल रहे बिहार के नागमणि

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि और आइपीएस अधिकारी रहे आनंद मिश्रा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि नागमणि और आनंद मिश्रा मंगलवार को पटना स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नागमणि और आनंद मिश्रा पिछले कुछ महीनों से पार्टी नेतृत्व के संपर्क में थे। नागमणि के साथ उनकी पत्नी सुचित्रा सिन्हा और कई प्रमुख हस्तियां भी बीजेपी में शामिल होंगी। आनंद मिश्रा पहले जन सुराज अभियान के यूथ विंग के अध्यक्ष थे और बक्सर लोकसभा सीट से 2024 में चुनाव भी लड़े थे। नागमणि का बिहार की राजनीति में लंबा अनुभव रहा है। वह कई पार्टियों में घूम चुके हैं। 14वीं बार नागमणि किसी पार्टी की सदस्यता लेंगे, वहीं दूसरी बार बीजेपी में शामिल होंगे। बीजेपी को लगता है कि उनके आने से पार्टी को एक मजबूत ओबीसी चेहरा मिल सकता है। आनंद मिश्रा के बीजेपी में शामिल होने से पार्टी को युवाओं और प्रशासनिक अनुभव दोनों का लाभ मिलने की उम्मीद है। आनंद मिश्रा को बक्सर में कहीं से विधानसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है।

# राहुल गांधी देव सूर्य मंदिर में दिखे 'साष्टांग दंडवत'



आजाद सिपाही संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की यात्रा पर निकले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा की। जल चढ़ाकर परिक्रमा भी की। मंदिर का इतिहास भी जाना। साथ में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी भी रहे। सूर्य मंदिर पहुंचने पर राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मंदिर में परिक्रमा करने के बाद उनका काफिला रफीगंज के लिए रवाना हो गया। सुबह करीब आठ बजे राहुल गांधी का काफिला औरंगाबाद के अंबा होते हुए देव के लिए निकला था। राहुल गांधी का काफिला न अंबा चौक पर रुका, न उन्होंने किसानों से मुलाकात की। इसे लेकर कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अंबा में राहुल गांधी के समर्थकों में नाराजगी दिखी।

# बिना सबूत आरोप लगा राहुल कर रहे लोकतंत्र पर प्रहार : अशोक चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** नीतीश कैबिनेट के मंत्री अशोक चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि बिना सबूत गंभीर आरोप लगाना जनता को गुमराह करने जैसा है। राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा और उनके बयानों पर चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ ठोस सबूत है, तो वो एफिडेविट के साथ पेश करें और अगर सबूत नहीं है, तो उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। अशोक चौधरी ने राहुल गांधी के 'गोदी मीडिया' वाले बयान पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। राहुल गांधी कभी चुनाव आयोग को एजेंट कहते हैं, कभी कोर्ट पर सवाल उठाते हैं, कभी संसद और स्पीकर पर टिप्पणी करते हैं। आखिर देश को चला कौन रहा है? उन्होंने साफ किया कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि न तो कोई सही वोटर छूटा है और न ही कोई फर्जी वोटर जोड़ा गया है। बिहार सरकार के कामकाज पर अशोक चौधरी ने बात की। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार सत्ता में आए, तब केवल तीन फीसदी घरों में शौचालय थे। आज 96% घरों में शौचालय हैं। गरीबों के घर तक नल-जल और बिजली पहुंचाई गई है। बिहार की विकास दर पहले पांच फीसदी थी, जो अब 10% है। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार के आने से पहले केवल थोड़े से घरों में शौचालय थे। अब लगभग सभी घरों में शौचालय हैं।

# चुनाव बहिष्कार पर फैसला जनता से पूछ कर: मनोज झा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रेस कांफ्रेंस के बाद जब विपक्ष चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को फिर से उठाने के लिए एकजुट हुआ, तो यह सवाल उठा कि क्या विपक्ष आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा? इस मामले पर अब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा ने जवाब दिया है। मनोज झा ने कहा कि आपको उस संदर्भ को देखना होगा, जिसमें राजद नेता तेजस्वी यादव ने संभावित बहिष्कार का जिक्र किया था। हम किसी भी अतिवादी कदम से पहले सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। हम पहले ही चुनाव आयोग के पास जा चुके हैं और अब तक वह जिद्दी ही रहा है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग ने हमारी बात नहीं सुनी। चुनाव बहिष्कार के सवाल पर आगे बढ़ते हुए, मनोज झा ने कहा कि हम जनता की इच्छा के अनुसार काम करते हैं। अगर वाकई बहिष्कार होगा, तो यह जनता से सलाह-मशविरा करने के बाद यहां की पार्टियां तय करेंगी। उन्होंने कहा कि हम जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं और जनता ही फैसला करती है। उन्होंने आगे कहा मुझे यकीन है कि चुनाव आयोग को यह एहसास होगा कि एक और दिन है, जिसे अगला दिन कहा जाता है। उन्होंने कहा, हमें अभी तक सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीद है। हमें यह भी उम्मीद है कि चुनाव आयोग भविष्य में भी अपनी निष्पक्षता की छवि को बरकरार रखना चाहेगा। चुनाव आयोग को यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि उसके लिए सभी दल समान हैं। यह बात उसके आचरण में झलकनी चाहिए।





## बिना कोर्ट वारंट के पुलिस ने सूर्या को कैसे किया गिरफ्तार

# रिटायर्ड जज के नेतृत्व में सूर्या के शव का दोबारा हो पोस्टमार्टम : अर्जुन मुंडा

**गोड्डा दौरे पर बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच की मांग फिर से उठायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा को फर्जी एनकाउंटर में

मार दिया गया है। ललमटिया थाना क्षेत्र डकैता स्थित सूर्या हांसदा के आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान अर्जुन मुंडा ने कहा कि सूर्या हांसदा का एनकाउंटर फर्जी था। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा गरीबों और असहाय लोगों की आवाज बन रहे थे। वह सरकार को घेरने का काम कर रहे थे चूंकि उनका परिवार लालमटिया और डकैता का प्रधान मांझी रहा है। ऐसे उनकी जिम्मेदारी होती है वह लोगों के सुख-दुःख का ख्याल रखें। यह इस बात का प्रमाण है कि गरीब बच्चों के लिए मुफ्त फूडिंग-लोजिंग वाला स्कूल चलाते थे। वे लगातार लोगों के हक की बात करते थे। जो सरकार को नागवार लगती थी और इसी कारण उन्हें फर्जी एनकाउंटर में मार दिया गया।

इसके साथ ही अर्जुन मुंडा ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनके ऊपर कोई कोर्ट वारंट नहीं था तो गिरफ्तार क्यों किया। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच निष्पक्ष एजेंसी से हो ये सरकार की जिम्मेदारी है। वहीं अर्जुन मुंडा ने सूर्या हांसदा के शव की दोबारा पोस्टमार्टम की भी मांग की जिसके लिए रिटायर्ड जस्टिस के नेतृत्व में जांच टीम गठित की जाये। भाजपा नेताओं से अपील की है कि वे सूर्या हांसदा के परिवार से मिलें और इसकी सीबीआइ जांच की मांग करें। उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए भाजपा हरसंभव प्रयास करेगी।

इस दौरान अर्जुन मुंडा के साथ ही पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम, पूर्व विधायक अशोक भगत, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, पूर्व विधायक अमर बाउरी व प्रदेश मंत्री शामिल रहे।



### मुख्य सचिव, डीजीपी, गोड्डा के डीसी और एसपी को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का नोटिस

रांची। गोड्डा में पुलिस एनकाउंटर में मारे गये भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके सूर्या हांसदा के मामले में अब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी गोड्डा जिले के उपायुक्त और एसपी को नोटिस जारी किया है। आयोग के नोटिस में उक्त अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे आयोग के समक्ष तीन दिन के अंदर उपस्थित होकर यह बतायें कि एनकाउंटर की घटना के बाद हुई शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। आयोग ने कहा है कि अगर उक्त नोटिस के आलोक में अधिकारी उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें आयोग समन जारी कर सकता है। यह नोटिस राज्यसभा सांसद और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की शिकायत पर की गयी है। दीपक प्रकाश ने कहा कि स्व. सूर्या हांसदा की हत्या आदिवासी समाज के सम्मान और न्याय से जुड़ा हुआ मुद्दा है। आयोग का संज्ञान लेना इस दिशा में न्याय की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका हम स्वागत करते हैं। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहरायी जायें।

# भाजपा सिर्फ षड्यंत्र और झूठ फैलाने में लगी है: विनोद पांडेय

**हेमंत सोरेन की सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली अवमानना याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर तीखा पलटवार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भाजपा और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी को करारा जवाब दिया है। याचिका खारिज किया जाना भाजपा और बाबूलाल मरांडी के लिए करारा झटका है। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साफ कर दिया है कि झामुमो सरकार ने पूरी तरह नियमों के तहत डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति की है। बाबूलाल मरांडी और भाजपा का आरोप भ्रामक था। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा प्रदेश में नकारात्मक राजनीति कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने जनता और अदालत का समय बर्बाद कर सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके लिए आइना है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी रचनात्मक राजनीति की होती है, लेकिन भाजपा सिर्फ षड्यंत्र और झूठ फैलाने में लगी है। यह घोर आपत्तिजनक है। भाजपा को अब भी संभल जाना चाहिए और सकारात्मक राजनीति की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है। भाजपा को चाहिए कि इन योजनाओं को कमजोर करने की जगह सरकार को सहयोग करें, ताकि झारखंड की जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति, रोजी-रोजगार में उलझनों से राहत मिलेगी।

**वृष** कर्मक्षेत्र में बाधाएं तो आयेंगी परंतु आप अपनी चतुराई व सूझ-बूझ से उनसे छुटकारा पा लेंगे।

**मिथुन** भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, राजकीय सहयोग-समर्थन, व्यवसाय में लाभ होगा।

**कर्क** संपत्ति संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होंगी, आय कम होगी. जिसके कारण बचत कम होने से मन उदास रहेगा।

**सिंह** आप इस समय किसी राजकीय विपत्ति के शिकार हो सकते हैं, व्यावसायिक उलझनें भी बढ़ेंगी।

**कन्या** प्रयास और परिश्रम से सफलता मिलेगी, रोमांस के लिए समय ठीक है, प्रेम-प्रसंगों में सफलता मिलेगी।

**तुला** विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी, परिवार में शुभ व धार्मिक कार्य होंगे, स्वजन-मित्रों का भरपूर सहयोग।

**वृश्चिक** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा, विवाहादि शुभ कार्य संपन्न होगा।

**धनु** परिश्रम-प्रयत्न से आय में आशानुकूल वृद्धि होगी, शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी।

**मकर** दैनिक कार्य सरलता से पूरे होंगे, जिस कार्य के लिए प्रयास करेंगे वह पूरा होने की संभावना।

**कुंभ** लंबित काम निपटायेंगे, स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होती जायेंगी, प्यार में सफलता मिलेगी।

**मीन** समय कष्टकारी है, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें, ज्यादा विश्वास घातक हो सकता है।

## सीता सोरेन की बेटियों का भावुक संदेश, कहा-

# बाबा के संघर्ष के साथ जो अनुयायी खड़े रहे, उनके लिए हम अडिग रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, राज्य निर्माता और आदिवासी समाज के पुरोधा स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होकर उनकी पोती जयश्री भावुक हो गयीं। पूर्व विधायक सीता सोरेन और स्व. दुर्गा सोरेन की बेटी जयश्री ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर दादा शिबू सोरेन के जीवन, उनके संघर्ष और विचारधारा को याद किया। जयश्री ने लिखा कि उन्हें और उनकी बहनों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि वे झारखंड के कोने-कोने से आये अपने बाबा के अनुयायियों व प्रशंसकों को श्रद्धांजलि भोज में अपने हाथों से भोजन परोस सकीं। उन्होंने इसे अपने बाबा की सेवा का सबसे सच्चा रूप बताया और कहा कि सेवा करते हुए दिल से महसूस हुआ कि यही गुरु जी की असली राह है। उनकी धरोहर सिर्फ किसी मंच या भाषण तक सीमित नहीं,



बल्कि उन मुस्कानों में है जो सेवा पाकर खिल उठीं।

जयश्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि दिशोम गुरु ने अपना संपूर्ण जीवन जनता को समर्पित कर दिया था। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं था, बल्कि हर उस आम इंसान के लिए था जो न्याय, सम्मान और सहारे का हकदार था। भोज में उमड़ी अपार भीड़ को उन्होंने इस बात का प्रतीक बताया कि लोगों के दिलों में शिबू सोरेन के लिए कितनी गहरी श्रद्धा और प्रेम है।

उन्होंने कहा कि बाबा की विचारधारा और संघर्ष के साथ जो लोग खड़े रहे, उनके लिए हम भी सदैव अडिग रहेंगे। यही हमारी प्रतिज्ञा है और यही बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन के नाम का डॉ प्रदीप वर्मा ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल एवं पूर्व झारखंड राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाये जाने पर झारखंड भाजपा के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है। डॉ. वर्मा ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन का लंबे समय का राजनीतिक




अनुभव, प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बनाता है। उन्होंने झारखंड के राज्यपाल के रूप में भी अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए राज्य को नयी दिशा दी। उनके उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनाये जाने से एनडीए ने एक योग्य और दूरदर्शी नेता को आगे बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री राधाकृष्णन के चयन से न केवल सदन की गरिमा और मजबूती बढ़ेगी, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराएं और भी सशक्त होंगी।

## बुर्का पहनकर घूम रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** अलबर्ट एक्का चौक से रविवार, 17 अगस्त को पुलिस ने एक युवक को संदेहास्पद स्थिति में बुर्का पहनकर घूमने के आरोप में गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान प्रमोद सोनी के रूप में हुई है, जो रांची के किशोरगंज स्थित चूना भट्ठा का निवासी है। जानकारी के अनुसार, कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान अलबर्ट एक्का चौक पर एक पुरुष बुर्का पहनकर भीड़ में संदिग्ध रूप से घूम रहा था। इस पर वहां मौजूद एक मुस्लिम महिला को शक हुआ और उसने युवक को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रमोद सोनी को बुर्का पहने हुए ही हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उसे सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



## सेना भर्ती के लिए 22 अगस्त से 4 सितंबर तक होगी रैली

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के युवाओं के लिए वर्ष 2025-26 की सेना भर्ती रैली का आयोजन 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक रांची में किया जायेगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक-ए सभागार में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, डायरेक्टर रिक्रूटिंग कर्नल विकास भोला, उप समाहर्ता डॉ. सुधेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मती उर्वशी पांडेय सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य आपूर्ति में आवश्यक सुधार को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

# राशन कार्ड की सूची में योग्य लाभुकों को जोड़ें : सीएस

**मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता से हटायें ताकि नये लाभुकों का नाम जोड़ा जा सके**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि खाद्य आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में यह सुनिश्चित करें कि कोई योग्य लाभुक वंचित नहीं रहे। वहीं मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता से हटायें ताकि नये लाभुकों का नाम जोड़ा जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रक्रिया में इस पर फोकस करें कि डाटा में कोई त्रुटि नहीं रहे। लाभुकों के केवाइसी पूर्ण हों। इसमें कोई समस्या हो तो उसका परीक्षण करें कि कहां दिक्कत है और उसका समयबद्ध तरीके से निपटारा करें। हर माह इसका भौतिक निरीक्षण करें और रिकार्ड व बुक कीपिंग अपटूडेट रखें। वह सोमवार को खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर अपनी अध्यक्षता में समीक्षा कर रही थीं।



### साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण सुनिश्चित करें

मुख्य सचिव ने राज्य के निर्धन लोगों के बीच साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण को लेकर निर्देश दिया कि इसमें तेजी लायें। उड़नदस्ता टीम बना कर वितरण की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अनियमितता नहीं हो। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के जागरूकता पर बल देते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लाभुकों को योजना की मूलभूत जानकारी रहे। इसके लिए होर्डिंग, फ्लैक्स, नुक्कड़ नाटक जैसे हर सक्षम माध्यम का उपयोग करें। उसमें स्थानीय भाषा का प्रयोग करें। लाभुकों को यह हर हाल में पता होना चाहिए कि उन्हें क्या मिलना है, कितना मिलना है, कहां मिलना है और कब मिलना है।

### गोदामों को एक्शन प्लान के अनुसार कार्यशील करें

मुख्य सचिव ने राज्य के तमाम गोदामों को समयबद्ध तरीके से कार्यशील करने पर बल देते हुए कहा कि थोड़े प्रयास से सभी गोदामों को कार्यशील बनाया जा सकता है। समीक्षा में पाया गया कि मामूली कमियों के कारण अनेक गोदाम उपयोग में नहीं हैं। इसे देखते हुए निर्देश दिया गया कि उपायुक्त अपने स्तर से इसमें रुचि लेकर गोदामों को उपयोगी बनाना सुनिश्चित करायें। इसके लिए 20 सितंबर तक की टाइम लाइन तय की गयी। उन्होंने कहा कि दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी। धान खरीद और उसके संरक्षण को सुगम बनाना है और भुगतान भी त्वरित तरीके से करना है, इसलिए समय रहते कमियों को दूर कर लें। गोदामों के रख-रखाव के साथ वहां मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कर लें। इसे लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सहकारिता विभाग के गोदामों का आकलन कर उसका भी उपयोग करें। स्वीकृत नये गोदामों के निर्माण में तेजी लाने पर भी बल दिया गया। मुख्य सचिव ने निर्देशों के अनुपालन में फंड की जरूरत होने पर उसका प्रस्ताव विभाग को देने को कहा। उन्होंने कहा कि ससमय खाद्यान्न वितरण उसके ससमय उठाव पर निर्भर करता है, इसलिए उठाव पर पैनी नजर रखें। बताया गया कि इसपर नजर रखने के लिए सेंट्रल कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाया गया है।








## सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया जाना गौरव का विषय : डॉ लंबोदर महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने एनडीए की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाये जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन ने झारखंड के राज्यपाल के रूप में कई सकारात्मक और सुलझे हुए कार्यकर अपनी पहचान बनायी और दूसरे राज्यों में रह कर भी अपनी कुशलता का परिचय दिया है। हम समझते हैं कि उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन देश भर में भी अपनी उल्लेखनीय और सकारात्मक कार्यशैली से बहुआयामी परिचय देंगे। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव का विषय है कि यहां राज्यपाल रह चुके सीपी राधाकृष्णन को देश का उपराष्ट्रपति बनाया जा रहा है। इससे पहले द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से झारखंड गौरव का सहभागी बन चुका है।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में सोमवार को सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 की शुरुआत हुई। इस मौके पर सीसीएल के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर निलेंदु कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, कई महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अलग-अलग क्षेत्रों के जीएम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक चलेगा।



सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी काम करने की संस्कृति का अहम हिस्सा है। सभी लोग ईमानदारी और पारदर्शिता को अपनी कार्यशैली में शामिल करें। अभियान के दौरान ये काम खास फोकस में रहेंगे। लंबित शिकायतों और मामलों का जल्द निपटारा, कर्मचारियों के लिए ट्रेनिंग और क्षमता बढ़ाने के प्रोग्राम, कंपनी की संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटल इनिशिएटिव, इसके अलावा, सीसीएल अलग-अलग सामाजिक और जागरूकता गतिविधियां भी करेगा। इनमें स्कूल-कॉलेज में आउटरीच प्रोग्राम, रक्तदान और हेल्थ कैंप, पौधरोपण, वर्कशॉप, खेलकूद प्रतियोगिता और हितधारकों के साथ बैठकें शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा का प्रण लिया कि वे हर काम में ईमानदारी और पारदर्शिता को सबसे ऊपर रखेंगे।

## एचडीएफसी मल्टी एसेट फंड की 20वीं वर्षगांठ पर समारोह आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एचडीएफसी मल्टी एसेट फंड की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पीएमपीके वेल्थ के निदेशक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि इस योजना की 20 साल की सफल यात्रा निवेशकों के विश्वास और फंड की मजबूत रणनीति का प्रमाण है। निदेशक देवेश जैन ने कहा कि जो निवेशक लंबे समय से बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट के माध्यम से अपने धन को संरक्षित कर रहे हैं, वे इस योजना को चुन सकते हैं, क्योंकि यहां उन्हें कम जोखिम पर 2-4 प्रतिशत ज्यादा लाभ बनाने की संभावना रहती है। रांची के मुख्य शाखा प्रबंधक किशलय सौरभ ने बताया कि निवेशकों के जोखिम को




कम रखने के लिए इस योजना में इक्विटी के साथ गोल्ड और फिक्स्ड इनकम सिक्योरिटी का मिश्रण किया गया है, जिससे वोलैटिलिटी कम रहती है और निवेशक लंबे समय तक इस योजना में टिके रह पाते हैं। शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार ने उपस्थित निवेशकों को बताया कि पिछले पांच वर्षों में इस योजना ने निवेशकों के पैसे को दुगना कर दिया है। उन्होंने निवेशक के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि जिस निवेशक ने 20 साल पहले 15000 रुपये प्रतिमाह का एसआइपी निवेश शुरू किया था, आज उसका धन बढ़कर लगभग एक करोड़ 21 लाख बन गया है। कार्यक्रम में प्रीति राणा और आकांक्षा कुमारी ने बताया कि रांची के ज्यादा से ज्यादा नागरिक म्यूचुअल फंड का लाभ उठा सकते हैं। धन्यवाद ज्ञापन श्वेता ने दिया।

## जिंदल इंडिया लिमिटेड का रिटेलर मिलाप सफलतापूर्वक आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जिंदल (इंडिया) लिमिटेड ने रांची में रिटेलर मिलाप का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें राजेश कौशल ईस्ट जोन क्वालिटी हेड, रविंद्र कुमार सिंह निर्देशक प्रवेश एजेंसी और उदय दुबे ईस्टर्न इंडिया मार्केटिंग हेड शामिल थे। कार्यक्रम में जिंदल (इंडिया) लिमिटेड ने अपने उन्नत लेपित इस्पात उत्पादों की श्रृंखला प्रदर्शित की, जिनमें जिंदल सबरंग भी शामिल है, जो बाहरी अनुप्रयोगों में असाधारण संक्षारण प्रतिरोध के साथ रंग-लेपित विकल्पों की एक जीवंत श्रृंखला




पेश करता है। इसमें लगभग 60 खुदरा विक्रेताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और कंपनी के उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कंपनी के उत्पादों के बारे में बेहतर समझ और जागरूकता पैदा करना था ताकि वह अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सके। जिंदल (इंडिया) लिमिटेड की भारत भर में अपनी भौगोलिक उपस्थिति को और मजबूत करने की रणनीति के अनुरूप, यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का उद्देश्य अपने प्रीमियम और अभिनव पेशकशों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और झारखंड में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है।इस मौके पर रविंद्र कुमार सिंह डायरेक्टर प्रवेश एजेंसी, पूजा सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर डोरंडा में प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा स्थित श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्यास समिति में श्रीकृष्णजन्मोत्सव पर प्रतियोगिता आयोजित हुई। यह श्री राम भरत मिलाप समिति के द्वारा आयोजित की गयी थी। इसमें श्री राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

150 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें 0-6 वर्ष में बंपर पुरस्कार चिन्मय शारदा, प्रथम पुरस्कार भावानश पोद्दार, द्वितीय पुरस्कार निरंजन प्रताप सिंह, तृतीय पुरस्कार सात्विक राज को दिया गया। वहीं, 7-12 वर्ष में बंपर पुरस्कार पहल विजय, शानवी विजय प्रथम पुरस्कार भूमिका और अनामिका द्वितीय पुरस्कार अधिरा, सानवी एवं आराध्या कुमारी को सम्मानित किया गया। तृतीय पुरस्कार आशी सिंह को दिया गया। विशेष प्रस्तुति के लिए फेंटेसी कलचरल एके-डमी की संचालिका जिनिया सरकार घोष एवं धात्री कला मंच रांची की सुनीता उरांव एवं अनुराधा उरांव को सम्मानित किया गया। मौके पर श्री राम भरत मिलाप समिति के संरक्षक बीके विजय, सरदार अशोक सिंह, पुरुषोत्तम दास, जयनारायण विजय अध्यक्ष रोहित शारदा, उपाध्यक्ष महेश विजय, महामंत्री नम्रता सोनी कोषाध्यक्ष प्रिंस पांडेय, प्रिया सिन्हा, जितेंद्र बरनवाल, विवेक कुमार, पुरोहित आशुतोष मिश्रा, संजय गुप्ता, कुश विजय, अनूप गुप्ता, राकेश पाल, अनीता मोटे, पीयूष विजयवर्गीय, योगेश्वर दुबे समेत अन्य शामिल थे।

## गोल इंस्टीट्यूट ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा जगत में उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुके गोल इंस्टीट्यूट ने सोमवार को बड़े उत्साह और गौरव के साथ 28वां स्थापना दिवस मनाया। पिछले 28 वर्षों में इस संस्थान ने चिकित्सा और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने में एक नयी पहचान बनायी है, और देशभर के लाखों विद्यार्थियों को सफलता के पथ पर अग्रसर किया है। 1997 से लेकर आज तक गोल इंस्टीट्यूट पूर्वी भारत का सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित संस्थान बन चुका है। अब तक दो लाख से अधिक विद्यार्थी और अभिभावक इस संस्थान पर अपना विश्वास जता चुके हैं। इनमें से 18 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने मेडिकल और इंजीनियरिंग में सफलता प्राप्त की है। संस्थान की सौ प्रतिशत प्रामाणिकता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर संस्थान



के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा कि मैं हृदय से सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार प्रकट करता हूं। जिन्होंने गोल इंस्टीट्यूट पर निरंतर भरोसा जताया। यही विश्वास हमें लगातार बेहतर करने और विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है। सहायक निदेशक रंजन सिंह ने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट की सफलता के पीछे केवल कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को अपनी जिम्मेदारी मानने का दृष्टिकोण है।

अनुसंधान और विकास प्रमुख आनंद वत्स ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा यही रहा है कि हम शिक्षा पद्धति को नवीनतम शोध और तकनीक से जोड़कर विद्यार्थियों को सर्वोत्तम परिणाम दिला सकें। गोल परिवार का हिस्सा बनकर मैं सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार प्रकट करता हूं। शैक्षणिक प्रमुख गौरव सिंह ने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट की अकादमिक सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हम हर वर्ष नये संकल्प और नयी ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। अपने 28 वर्षों की गौरवशाली यात्रा में गोल इंस्टीट्यूट ने न केवल श्रेष्ठ परिणाम अनुपात दिया है बल्कि गोल एजुकेशन विलेज जैसी अनूठी अवधारणा को मूर्त रूप दिया है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक आदर्श परिसर है। यही नहीं, संस्थान पूरे देश में सबसे अधिक टेस्ट आयोजित करने वाला संस्थान भी माना जाता है और विद्यार्थियों को सेल्फ स्टडीज सर्पोटेड सिस्टम जैसी अद्वितीय सुविधा प्रदान करता है।

## 14 किमी मेट्रो खंड के उद्घाटन से बना नया इतिहास

**पूर्व रेलवे उपनगरीय नेटवर्क और कोलकाता मेट्रो रेलवे के बीच बेहतर इंटरचेंज की सुविधा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** कोलकाता एवं उसके आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, शीघ्र ही मेट्रो रेलवे के तीन नये खंड आम जनता के लिए चालू किये जायेंगे। कुल लगभग 14 किमी मेट्रो खंड का उद्घाटन किया जा रहा है, जो अपने आप में अभूतपूर्व है। ये खंड हैं–सियालदह से एस्प्लेनेड (2.45 किमी), नोआपारा से जय हिंद विमानबंदर (6.77 किमी) और हेमंत मुखोपाध्याय से बेलघरिया (4.39 किमी)। इन नये खंडों की शुरुआत से, कोलकाता मेट्रो नेटवर्क और पूर्व रेलवे उपनगरीय नेटवर्क के बीच, हावड़ा एवं सियालदह मंडलों में बेहतर इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। बेलघरिया मेट्रो स्टेशन को हेमंत मुखोपाध्याय से जोड़ने के साथ ही,




पूरा बेलघरिया - कवी सुब्रत मेट्रो लाइन सियालदह दक्षिण नेटवर्क से, पूर्व रेलवे के न्यू गड़िया स्टेशन के माध्यम से जुड़ गया है। इस प्रकार यात्री इस मेट्रो नेटवर्क का उपयोग करके आसानी से पूर्व रेलवे की उपनगरीय ट्रेनों तक पहुंच सकते हैं।

सियालदह - एस्प्लेनेड खंड के शुरू होने से सियालदह और हावड़ा के बीच यात्रा समय, जो सड़क मार्ग से लगभग 1 घंटा लगता है, घटकर केवल 11 मिनट रह जायेगा। इससे सियालदह और हावड़ा मेट्रो स्टेशन के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा और पूर्व रेलवे के दोनों प्रमुख टर्मिनल (हावड़ा एवं सियालदह स्टेशन) अब मेट्रो रेलवे सेवाओं के माध्यम से सुलभ हो जायेंगे। हावड़ा और सियालदह स्टेशन प्रतिदिन एक मिलियन से अधिक उपनगरीय यात्रियों की सेवा करते हैं।

पहले से ही सियालदह एवं दमदम जंक्शन पर मेट्रो रेलवे नेटवर्क और पूर्व रेलवे उपनगरीय नेटवर्क के बीच एक इंटरचेंज पॉइंट मौजूद है और अब एक नया इंटरचेंज पॉइंट दमदम कैंट पर भी स्थापित होने जा रहा है। नोआपारा से एयरपोर्ट मेट्रो लाइन का उद्घाटन भी, एस्प्लेनेड जैसे केंद्रीय व्यवसायिक क्षेत्रों से कोलकाता एयरपोर्ट तक पहुंचने का समय काफी घटा देगा। पूर्व रेलवे उपनगरीय नेटवर्क एवं मेट्रो रेलवे इंटरचेंज पॉइंट्स के माध्यम से एस्प्लेनेड से एयरपोर्ट तक की यात्रा पहले से कहीं अधिक तेज हो जायेगी। नये चालू किये गये मेट्रो खंडों का पूर्व रेलवे उपनगरीय खंड से सहज एकीकरण, पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए निस्संदेह एक पुजा गिफ्ट साबित होगा, क्योंकि अब पंडाल हॉपिंग के लिए थकाऊ और लंबी सड़क यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब उन्हें आरामदायक रेलवे मार्ग उपलब्ध होगा। इन लगभग 14 किमी लंबे मेट्रो रेलवे खंडों के उद्घाटन से कोलकाता में एक नया इतिहास रचा जायेगा, जो कोलकाता और इसके आसपास के क्षेत्रों के परिवहन परिदृश्य में क्रांति ला देगा। इससे लाखों यात्री सहज रूप से सफर कर सकेंगे और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। सिटी ऑफ जॉय यानी कोलकाता के नागरिक, जो पहले से ही मेट्रो रेलवे नेटवर्क का आनंद ले रहे हैं, अब और अधिक गतिशीलता और सहज शहरी रेल परिवहन सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

## श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण किया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 223वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे उषा देवी शर्मा द्वारा अपने पति स्व० सुरेश शर्मा एवं अपने पुत्र स्व० पुनीत शर्मा की पुण्यस्मृति में आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायको द्वारा कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, मनीष सोनी, संतोष देवी अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### दही-हांडी प्रतियोगिता में हिंदू महापरिवार की टीम ने जीता दूसरा पुरस्कार



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक में आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में हिंदू महापरिवार कुरकुरा मंडरो की टीम ने दूसरा पुरस्कार जीता। इस टीम का नेतृत्व खेल कूद विभाग प्रमुख राहुल कुमार साही ने किया और उन्होंने 20 सेकंड में मटकी फोड़कर सभी को प्रभावित किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हिंदू महापरिवार की टीम को 41,000 रुपये और द्वितीय पुरस्कार के रूप में शील्ड दिया। उन्होंने कहा कि पूरी टीम प्रशंसा योग्य है और उन्होंने अपनी जीत से सभी को गौरवान्वित किया है। भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण वृंदावन जैसा हो गया। समिति के अध्यक्ष राजेश अयान ने पूरी टीम को बधाई दी और आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में संदीप गुप्ता, आनंद साही, देवपूजन जी, आशुतोष द्विवेदी, कैप्टन राहुल साही, सुमित सिंह, सूरज सिंह, विकास सिंह, पवन साहू और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### एनडीए की बैठक में शामिल हुए चंद्रप्रकाश चौधरी, किया समर्थन



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सोमवार को उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर नयी दिल्ली में एनडीए की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर हुई एनडीए के सांसदों की बैठक में उन्होंने उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का समर्थन किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कई राज्यों में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल चुके सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद पर जीत सुनिश्चित है।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन और स्वर्गीय हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में 79 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष फिलमन टोप्पो ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रगान के साथ देश के आजादी के लिए जननायकों का उद्घोष किया गया। कार्यक्रम में आजादी के लिए कुर्बान देने वालों को याद करते हुए नमन किया गया। पार्टी प्रवक्ता संजय कुमार पांडेय और प्रदेश सचिव सह कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रकाश डाला और उपस्थित समूह को आजादी के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर मो मोहसिन अंसारी को रांची जिला का युवा अध्यक्ष और सारा खातून को महिला युवा अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में उदयभानु सिंह, जयप्रकाश साहू, खगेश महतो, ज्योति कुमारी, अस्मिता कुमारी, नीतीश कुमार, कमलकांत झा, राजेश पहन, जगदीश प्रसाद साहू, मधु सुंदर प्रसाद, सुधांशु शाह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पत्रकारिता जगत के रीढ़ स्वर्गीय हरिनारायण सिंह को मौन रख श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पत्रकारिता जगत के रीढ़ स्वर्गीय हरिनारायण सिंह को 2 मिनट का मौन धारण कर नमन किया गया। इन दोनों दिवंगत आत्माओं ने झारखंड के लिए संघर्ष किया और शोषित मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए काम किया।

### डॉ मयंक मुरारी को मिला तुलसी सारस्वत सम्मान



नामकुम (आजाद सिपाही)। सिंहभूम जिला जमशेदपुर हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से रांची के वरिष्ठ साहित्यकार और समाजसेवी डॉ मयंक मुरारी को तुलसी सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया। रविवार को तुलसी भवन बिष्टुपुर में उन्हें 51 हजार रुपये का चेक, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र, श्रीफल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उनकी अब तक 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे वर्तमान में उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में कार्यरत हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तुलसी भवन ज्ञानपीठ की तरह है। भारतीय सभ्यता के निर्माण में पीठों की अहम भूमिका रही है। वैदिक काल में सात ऋषियों ने कुल, ज्ञान और शक्ति के पीठों की परंपरा बनायी। विश्वामित्र ने ज्ञानपीठ के माध्यम से राम को पुरुष से पुरुषोत्तम बनाया। चाणक्य ने ज्ञानपीठों के जरिये ही नंद वंश के राजा को सत्ता से बेदखल किया। मध्यकाल में बप्पा रावल ने गुरु हरित के आशीर्वाद से सौ कोस पर शक्तिपीठ बनाया। जिसने पांच सौ साल तक इस्लामिक आक्रमण से देश को बचाया। गुरु रामदास ने गांव-गांव में व्यायामशाला के रूप में शक्तिपीठ बनाया, जिसने मुगल शासन की नींव हिला दी थी। बताते चलें कि डॉ मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक हैं। वह व्यक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर लिखते और काम करते हैं। वह भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते और चिंतन करते है। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 18 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके हैं। इन कार्यों के कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वे पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वह हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 19 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in
05

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय भाजपा की हताशा को उजागर करता है : डॉ तनुज खत्री



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी ) अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देना न केवल निराधार था, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित भी था। आज सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने उनकी याचिका को न केवल खारिज किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस तरह के दुराग्रहपूर्ण मामले न्यायालय का समय बर्बाद करने के बराबर हैं। यह निर्णय भाजपा और उसके नेताओं की हताशा को उजागर करता है। झूठी, अफवाह और साजिश के सहारे राजनीति करने वालों को अब देश की सर्वोच्च अदालत ने भी आईना दिखा दिया है। झामुमो दृढ़ता से कहना चाहता है कि बाबूलाल मरांडी जैसे नेता लगातार झारखंड की प्रगति में रोड़े अटका रहे हैं। डॉ तनुज ने कहा कि यह फैसला भाजपा की राजनीतिक साजिश पर करारा तमाचा है। हेमंत सरकार हमेशा राज्य की जनता के हक और अधिकारों की रक्षा करती रहेगी।

## डीजीपी नियुक्ति मामले को न्यायालय बतौर पीआइएल नहीं रिट याचिका के रूप में करेगा सुनवाई: अजय साह



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश देते हुए बाबूलाल मरांडी को कहा कि वे अपनी दायर की गयी जनहित याचिका (पीआइएल) को स्वतंत्रता के साथ वापस लें और इस मामले में उपलब्ध अन्य वैधानिक उपायों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना था कि इस प्रकरण में जनहित याचिका का औचित्य नहीं बनता, बल्कि इसके समाधान के लिए अन्य संवैधानिक उपाय ज्यादा उपयुक्त हैं। इसी क्रम में, सर्वोच्च न्यायालय ने बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए यह निर्णय लिया कि इस मामले को पीआइएल के रूप में नहीं, बल्कि रिट याचिका के रूप में सुना जायेगा। यह रिट याचिका झारखंड में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति एवं चयन प्रक्रिया को चुनौती देती है, जिस पर अब सर्वोच्च न्यायालय सीधे तौर तीन हफ़्ते बाद विचार करेगा।

## खेल क्षेत्र में सरकार का उदासीन रवैया : देवेंद्रनाथ महतो




रांची (आजाद सिपाही)। 48वीं राष्ट्र थ्रो बॉल प्रतियोगिता 2025 का सोमवार को समापन हुआ। खेल का समापन हरिवंश टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेलगांव में हुआ। यह गैम्स झारखंड राज्य थोबाल संघ के द्वारा किया गया। इसमें कुल 25 राज्यों के प्रतिभागी टीमों ने भाग लिया और प्रदर्शन किया। पुरुष टीम में विजेता हरियाणा व उपविजेता छत्तीसगढ़ रहा। वहीं महिला टीम में विजेता छत्तीसगढ़ व उपविजेता झारखंड राज्य रहा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप व जेएलकेम उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को गोल्ड मेडल और उपविजेता को सिल्वर मेडल के साथ सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के हौसला बर्धन करते हुये देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि खेल के क्षेत्र में हमारे राज्य बेहतर इतिहास रहा है। खिलाड़ियों के प्रति सरकार का उदासीन रवैया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ीयों को चयनित करते हुये उन्हें नियोजन में समायोजित करनी चाहिए। नेशनल थ्रोबॉल गेम्स के आयोजक अध्यक्ष वेदांत कौस्तव, सचिव जामिल अंसारी थे। गेम्स के क्लोजिंग शिरोमणि के दौरान शशांक राज, जितेंद्र महतो, संजय महतो, पार्वती देवी, जलेश्वर मार्शल, सूरज नारायण महतो, रामपदो महतो अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## निशि पांडेय को हाइकोर्ट से मिली जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने निशि पांडेय को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। सोमवार को निशि पांडेय की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। निशि पांडेय की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार सिकरवार ने बहस की। हाइकोर्ट ने निशि पांडेय को बीस-बीस हजार रुपये के निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत दी है। निशि पांडेय को भरत पांडेय और दीपक साव गैंगवार मामले में बेल मिली है। भरत पांडेय के पिता के आवेदन के आधार पर रामगढ़ पतरातू के रहने वाले विकास तिवारी, निशि पांडेय, आकाश तिवारी, विकास साव, अमित साव, सुभाष सिंह उर्फ बाघा सिंह अनिल यादव, सुनील धोबी, बबलू ठाकुर, संदीप ठाकुर, निशांत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। भरत और दीपक दाव की जनवरी में हत्या हुई थी। इसी केस में निशि पांडेय को गिरफ्तार किया गया था।

### 'पुष्पा राज' फिल्म की तरह कर रहे थे दारू की तस्करी

# मुरी से बिहार भेजी जा रही थी शराब, पिकअप वैन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता






**रामगढ़।** नकली दारू की स्मगलिंग करने वाले स्मगलर पुष्पा राज मूवी से इंस्पायर्ड हो गये हैं। वह अब उस तरीके से दारू की सप्लाई कर रहे हैं, जिस तरह से पुष्पा राज मूवी में चंदन की लकड़ी की तस्करी करता था। मुरी से बिहार भेजा जा रहा दारू रामगढ़ में पुलिस ने जब पिकअप वैन को पकड़ा तो उसमें चदरा से छुपा कर रखी गयी लाखों रुपये की शराब बरामद हुई। पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। रामगढ़ पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि दारू की तस्करी पिकअप वैन से होने की सूचना उन्हें मिली थी। कोठार गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर पुलिस ने जब गाड़ी संख्या जेएच 03 एएस 0790 को रुकवाया तो ड्राइवर पुलिस को चकमा देकर भागने लगा।

पुलिस ने पीछा कर उस गाड़ी को रोका और दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पिकअप वैन में पहले तो सिर्फ प्लास्टिक के कैरेट ही नजर आये। लेकिन जब कैरेट को हटाकर डाला का चदरा हटाया गया, तो उसके नीचे लाखों रुपये की शराब की बोतल छुपा कर रखी गयी थी। नकली शराब की इन बोतलों को बिहार राज्य में खपाया जाना था।

**नकली शराब बनाने वाले गाड़ी लोड कर ड्राइवर को करते थे हैंड ओवर :** नकली शराब कारोबारी अपने ठिकाने को छुपाने के लिए बेहद शातिर तरीके से काम कर रहे हैं। वे अब पहले की तरह अपने ठिकाने पर ड्राइवर और खलासी को नहीं ले जाते। ड्राइवर को लगभग 10 किलोमीटर पहले ही मेन रोड के होटल में रोका जाता है। इसके बाद नकली शराब कारोबारी का आदमी गाड़ी लेकर ठिकाने पर पहुंचता है। वहां से शराब को लोड कर वह दोबारा मेन रोड पर ही ड्राइवर और खलासी को गाड़ी हैंड ओवर कराता है। अगर पुलिस गाड़ी पकड़ भी लेती है तो ड्राइवर और खलासी पुलिस को उस ठिकाने तक नहीं पहुंचा पाते हैं।

### डाला में बॉक्स बना कर किया गया था सील

**पुष्पा राज मूवी में दूध के टैंकर को काटकर इस तरीके से चंदन की लकड़ी की तस्करी के लिए बॉक्स बनाया गया था, उसी तरह पिकअप वैन के डाला में बॉक्स बनाकर चदरा से सील किया गया था। बाहर से देखने पर किसी को भी पता नहीं चलता की गाड़ी में कोई सामान भी रखा गया है। सब्जी बेचने वाले खाली कैरेट को उसमें भरकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश की गयी थी। लेकिन पुलिस ने तस्करों की इस योजना को भी विफल कर दिया।**

# ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पत्थलगडा थाना क्षेत्र के ग्राम लेम्बोईया मंदिर के पीछे मैदान के समीप अवैध अफीम/बाउन शुगर की खरीद बिक्री की जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना के आधार पर सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु एसपी द्वारा एसडीपीओ सिमरिया के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया। गठित दल द्वारा छापामारी के क्रम में लेम्बोईया मंदिर के पीछे मैदान में जर्जर मकान के पास से दिवाकर कुमार उर्फ अविनाश कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता स्वर्गीय सत्येन्द्र दांगी, ग्राम नावाडीह.ओमकार दांगी, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता अरूण कुमार दांगी, ग्राम तेतरिया दोनों थाना पत्थलगड्डा, जिला चतरा को 20.4 ग्राम ब्राउन शुगर और 1किलो 55 ग्राम गिला अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस सफलता प्राप्त की है। इस बाबत एसपी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया कि पत्थलगडा थाना कांड सं0-33/2025 धारा-111 (2) (b) B.N.S EUÔ 17(b)/18(b)/21(b)/25/27/28/29 NDPS Act दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा 20.4 ग्राम ब्राउन शुगर, 1 किलो 55 ग्राम गिला अफीम के अतिरिक्त तीन मोबाइल फोन जब्त किया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों से गहन पूछ ताक्ष के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# औद्योगिक क्षेत्र में इनर व्हील क्लब ने किया पौधरोपण

### पेड़-पौधे लगाने से वायु और ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है: नमिता श्रॉफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब द्वारा पेड़ लगाओ प्रदूषण भगाओ नारे के साथ औद्योगिक क्षेत्र मरार में वृक्षारोपण किया। क्लब के सदस्यों ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से छोटी सी पहल की। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण के रक्षक ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढियां के भी जीवन दाता है। पेड़ पौधे लगाने से वायु और ध्वनि प्रदूषण कम होता है, ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, तापमान नियंत्रित रहता है और यह मिट्टी के कटाव को भी रोकते है।

**औद्योगिक क्षेत्र में पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है:** कार्यक्रम के दौरान छायादार फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। जिससे वातावरण में शुद्ध ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी धूल और प्रदूषण में कमी आयेगी और आसपास का पर्यावरण संतुलित रहेगा। क्लब की अध्यक्षा नमिता श्रॉफ ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह न केवल वायु प्रदूषण को कम करते है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते है। मौके पर जनेशा वडेरा, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ, रंजू अग्रवाल, विजयलक्ष्मी आयंगर, दीपा वडेरा, राजिंदर बुधवाल, रंजू अरोड़ा, जसमीत सोनी, नवलजीत कौर, ममता वसंत, गुरबक्श कौर, जसबिंदर होरा, पिंकी बंसल आदि उपस्थित थे।

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## राहुल गांधी के साथ जनता का जनसैलाब : आलोक कुमार दुबे



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब बिहार और झारखंड मिलकर मोदी सरकार की तानाशाही और भाजपा की वोट चोरी की साज़िश के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने जब-जब राजनीतिक अंगड़ाई ली है, तब-तब देश का इतिहास बदला है। राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट अधिकार यात्रा को युवाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य जैसे बड़े नेताओं का साथ इस आंदोलन को और मजबूत कर रहा है। आलोक दुबे ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से झारखंड का प्रतिनिधिमंडल नवादा के लिए रवाना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड की संस्कृति और कार्यशैली एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि झारखंड के कई नेता और वरिष्ठ कार्यकर्ता पहले से ही वाहन रैली में शामिल होकर डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने भाजपा और मोदी सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की तानाशाही नीतियों ने देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की है, लेकिन राहुल गांधी जी जिस हिम्मत से वोट चोरी के खिलाफ बिगुल बजा रहे हैं, वह करोड़ों युवाओं और आम जनता की आवाज बन चुका है।

## रामगढ़ उपकारा में कैदी की मौत




रामगढ़(आजाद सिपाही)। रामगढ़ उपकारा में बंद कैदी जय मंगल हाजरा की सोमवार की शाम मौत हो गयी। प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत होने की खबर आ रही है। इस मामले की पुष्टि करते एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि धनबाद जिले के सरायढेला निवासी जय मंगल हाजरा जमीन के कारोबारी थे। उन्हें धनबाद क्षेत्र के ही एक मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पिछले डेढ़ वर्षो से वे धनबाद जेल में बंद थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन काफी गंभीर था। उन्हें सुरक्षा की दृष्टिकोण से धनबाद जेल से हटाकर रामगढ़ उपकारा में शिफ्ट किया गया था। रविवार को ही जय मंगल हाजरा रामगढ़ जेल में ले गए थे। सोमवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी। उन्हें आनन फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि दंडाधिकारी की मौजूदगी में जेल मैनुअल के अनुसार जय मंगल हाजरा का पोस्टमार्टम रिम्स में ही कराया गया है।

## वज्रपात में युवक की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप एक तालाब में रविवार शाम चार बजे हुई वज्रपात की चपेट में आने से मछली मार रहे एक युवक की मौत हो गयी। मृतक पांडेपुरा के स्टाईली नगर निवासी रामवतार भारती के 22 वर्षीय पुत्र राजू भारती है। मौके पर पहुंचे समाजसेवी जयनारायण भारती ने हंटरगंज थाना पुलिस को दूरभाष के माध्यम से इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना के एएसआइ अजय कुमार महतो और पांडेयपुरा पिकेट प्रभारी शिव शंकर गोप दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जानकारी के अनुसार युवक तालाब के किनारे छड़- वंशी से मछली मार रहा था। तभी हल्की बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुई। वज्रपात की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वज्रपात के समय मृतक के घर के सभी सदस्य जंगल गए हुए थे। विवाहित राजू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों के चीख चीत्कार से माहौल गमगीन है। ग्रामीणों ने आपदा राहत के तहत जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से, वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), आद्रा, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्यः [1]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-61-25, दिनांक: 14.08.2025** (1) तुपकाडीह-राजबेरा ब्लॉक हट सेक्शन के बीच किमी 414.153 से 415.6 (डाउन), 415.753 से 416.5 (डाउन) और 414.749-415.602 (अप) (कुल-3.047 ट्रैक किमी), शीडबाबुडीह-तालगड़िया सेक्शन के बीच किमी 321.4 से 323.0 (एसएल), 317.8 से 318.8 (एसएल) ट्रैक किमी (कुल-2.6 ट्रैक किमी), कोटशिला जंक्शन-बोकारो स्टील सिटी सेक्शन में किमी 383.07 से 384.67(अप), 384.77 से 386.37(अप), 381.47 से 382.97 (अप), 379.77 से 381.37 (अप), 378.07 से 379.67 (अप) (कुल- 7.9 ट्रैक किमी) पर रेल नवीनीकरण (प्राथमिक); (2) आद्रा मंडल में बोकारो स्टील सिटी-तुपकाडीह, आद्रा-गोमो, मिदनापुर-बिष्णुपुर, आद्रा-आसनसोल, पुरुलिया-चांडिल, कोटशिला-बोकारो स्टील सिटी, आद्रा-गोमो (जेसी) और आद्रा-बांकुड़ा सेक्शन के बीच यार्ड में 784 डमी ग्लू जोड़ों को हटाना; ₹ 1,64,98,636.53; **[2]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-62-25, दिनांक 14.08.2025**; एस एस ई (पी. वे)/भागा और एसई (पी. वे)/मोहुदा के अधिकार क्षेत्र के तहत यार्ड के सुधार के कार्य के संबंध में नाली का निर्माण; ₹4,11,16,434.36; **[3]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-63-25, दिनांक 14.08.2025**; एस एस ई (पी. वे)/ महुदा, एस एस ई (पी. वे)/भोजुडीह और एस एस ई (पी. वे)/भागा के अधिकार क्षेत्र के तहत यार्ड के सुधार के कार्य के संबंध में पी वे कार्य का निष्पादन; ₹ 3,72,68,165.66 **[4]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-64-25, दिनांक 14.08.2025**; बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा आद्रा मंडल में रायनगर-मठनाशीपुर के बीच किमी 330/7-8 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग बीआर-99 के बदले आरयूबी का निर्माण; ₹ 7,21,05,733.89; **[5]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-65-25, दिनांक 14.08.2025;** बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा आद्रा मंडल में श्यामसुंदर-रायनगर के बीच किमी 324/2-3 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग बीआर-93 के बदले आरयूबी का निर्माण; ₹ 7,48,97,724.61; **[6]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-66-25, दिनांक 14.08.2025;** बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा आद्रा मंडल में बीकना-नोबंदा के बीच किमी 236/2-3 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग बीआर-6 के बदले आरयूबी का निर्माण; ₹ 7,11,73,520.62; **[7]; संख्या ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-67-25, दिनांक 14.08.2025;** आद्रा मंडल पर भागा स्टेशन पर 2 लिफ्टों का प्रावधान; ₹ 72,57,314.26। ई-निविदाओं को बंद होने की तिथि और समय 15.09.2025 को 15.00 बजे है। उपरोक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
(PR-529)

## प्रदेश महिला कांग्रेस ने लॉन्च किया नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शनी उड़ान कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की जयंती के पूर्व कांग्रेस भवन में नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शनी उड़ान कार्यक्रम का लॉन्चिंग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की बहनों को स्वच्छ और स्वस्थ रखना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मार्केटिंग बोर्ड चेयरमैन रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, अशोक चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षों के बीच 100-100 पैकेट सेनेटरी नैपकिन दिया गया ताकि झारखंड की बहनें स्वच्छ और स्वस्थ रह सकें। महिला कांग्रेस ने एक लाख देश की बेटियों का सालाना जिम्मेवारी लिया है और महिलाओं के बीच मुफ्त सिलाई मशीन एवं फ्री प्रशिक्षण देने का भी निर्णय लिया है।

**20 अगस्त को होगा सेनेटरी नैपकिन वितरण :** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा गरीब महिलाओं और बच्चियों तक सेनेटरी नैपकिन वितरित की जायेगी। इस अभियान का उद्देश्य गरीबी में जीवन-यापन कर रही महिलाओं को आर्थिक तंगी से दूर करना है। कार्यक्रम के बाद महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिला से लेकर मंडल तक की समितियों की समीक्षा की गयी और वोटर अधिकार यात्रा को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर पुनिता चौधरी, पिंकी सिंह, संगीता टोप्पो, जोसिमा खाखा, अनीता सिन्हा, मीनू सिंह, नीतू देवी, मेरी तिर्की, छवी बागची, पूर्णिमा धर, अजंता सामद, नालिनी सिन्हा, मारथा हांसदा, शिल्पी चटर्जी, सुंदरी तिर्की, रजनी बंसल, मंजू जोशी, वर्षा भावना, प्रर्मिला देवी, सुषमा देवी, उर्मिला देवी सहित अन्य शामिल थीं।

**कोर्ट नोटिस**

झरिया थाना कांड सं. 111/25 दिनांक 21/04/2025 धारा 65(1) BNS एवं 06 पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त विक्की कुमार उर्फ विक्की यादव उम्र - 22 वर्ष पिता गरज यादव, पता - बकरीहाट नियर दुर्गा मंदीर थाना झरिया, जिला - धनबाद के घर दिनांक 10/06/2025 को माननिय न्यायालय से निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया था इश्तिहार में तय समय में विक्की कुमार उर्फ विक्की यादव माननिय न्यायालय में आत्म सर्मपण नही किया माननिय न्यायालय द्वारा पुनः निर्देशित किया गया है कि विक्की कुमार उर्फ विक्की यादव दो सप्ताह के अन्दर माननिय न्यायालय मे आत्म सर्मपण करेंगें। आत्म सम्पर्ण नही करने पर उनकी सम्पति कुर्क कि जायेगी।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, कोडरमा**
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16 वर्ष 2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 12.09.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.09.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.09.2025 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र०सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | Special Repair Work at different road section from railway over bridge to Banjhedih Power Plant (Total Length = 3.50KM) under Road Division Koderma for the Year 2025-26 | 29,97,788.00 | 60,000.00 | 5000.00 | 3 माह। |
| 2 | | | Ordinary Repair and Junction Improvement work in Bagitand-Lokai Road (Total Length = 2.88KM) under Road Division Koderma for the Year 2025 -26 | 39,98,257.00 | 80,000.00 | 5000.00 | 3 माह। |
| 3 | | | Ordinary Repair Work in Telaiya Post Office to Balyogeshwar Ashram Road (Total Length = 2.50KM) under Road Division Koderma for the Year 2025 -26 | 9,96,297.00 | 20000.00 | 1250.00 | 3 माह। |

नोट :
निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबन्धन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि को 03.00 बजे अपराह्न तक पथ प्रमण्डल, कोडरमा कार्यालय परिसर के अन्दर संवेदकों द्वारा समूह में अथवा गुट बनाकर वार्त्तालाप करने, शोर–गुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर इस निविदा को रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा।

PR 359744 (Road) 25-26 (D)

# यह तो होता रहा है...

डोनाल्ड ट्रंप की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत अधर में लटक गयी है। यह अनिश्चितता दोनों में से किसी भी देश के लिए ठीक नहीं। हालांकि अलास्का समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति ट्रंप का नरम रवैया थोड़ी उम्मीद जरूर जगाता है।

**असमंजस की स्थिति :** ट्रेड डील के लिए अमेरिकी अधिकारियों को इसी 25 तारीख को भारत आना था, लेकिन मौखिक तौर पर बताया गया कि अब यह विजिट नहीं होगी। अभी तक नयी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, जिससे असमंजस बढ़ गया है। पहले माना जा रहा था कि अगस्त आखिर या सितंबर तक दोनों देश एक मिनी डील तक पहुंच जायेंगे। इसके लिए दोनों के बीच कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अब सब कुछ बिल्कुल थम जाना द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सही नहीं।

**संबंधों को नुकसान :** व्यापारिक समझौते में क्यों अड़चन आ रही है, इस बारे में अब सभी को पता है, लेकिन भारत की चिंताओं को समझने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने के बजाय ट्रंप दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। मौजूदा संकट इसलिए भी ज्यादा उलझ गया है, क्योंकि चीन की बढ़ती मनमानी को रोकने के लिए भारत को अहम साझेदार मानने के बावजूद अमेरिका आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठा रहा है। हालांकि इतिहास पर नजर डालें, तो वॉशिंगटन के लिए यह नयी बात नहीं लगती।

> व्यापारिक समझौते में क्यों अड़चन आ रही है, इस बारे में अब सभी को पता है, लेकिन भारत की चिंताओं को समझने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने के बजाय ट्रंप दबाव की रणनीति अपना रहे हैं।

**पुरानी आदत :** 80 के दशक के आखिर में भी अमेरिका को व्यापार घाटे की चिंता सता रही थी और तब उसके निशाने पर जापान था। उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार मिला कि अगर कोई देश अमेरिका के खिलाफ अनुचित व्यापार नीतियां अपनाता है, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सके। लेकिन, यह अधिकार मिलने के बाद तत्कालीन यूएस प्रेजिडेंट जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश ने जापान के साथ-साथ भारत और अमेरिकी सहयोगियों - यूरोप, दक्षिण कोरिया एवं ताइवान पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लाद दिया। 1989 में जब उन्होंने भारत को टारगेट किया था, तब भी सरकार का यही कहना था कि वह किसी दबाव में नहीं झुकेगी।

**इतिहास से सबक :** अमेरिका फिर से इतिहास को दोहरा रहा है। ट्रंप चीन को सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानते हैं, लेकिन सबसे पहले समझौता उसी से किया। वहीं यूरोपीय संघ (इयू) और भारत जैसे सहयोगियों के प्रति उनका रुख ज्यादा अड़ियल है। इयू ने भले डील कर ली हो, पर उसके कई सदस्य देश इससे खुश नहीं हैं। ऐसे में भारत को ट्रंप प्रशासन से बात करते हुए अमेरिका के अतीत और आज के हालात, दोनों पर नजर रखनी होगी। यह डील अमेरिकी इकॉनमी के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी भारत के लिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**छोटानागपुर में हुए पूर्व के सभी आंदोलन - तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, सिदो-कान्हू, नीलांबर-पीतांबर, बिरसा मुंडा आदि के मूल में था महाजनी प्रथा। महाजन गरीब किसान के मजबूरी का फायदा उठाते और कर्ज देकर भारी भरकम ब्याज लेते। उधार के पैसे ब्याज सहित समय पर चुकाने से असमर्थ लोगों के अपनी पैतृक जमीन हड़प लेते. महाजनों के विरोध के कारण सोबरन मांझी की हत्या 27 नवंबर 1957 को महाजन लोगों ने निर्मम हत्या कर दी।**

# अमिट छाप छोड़ गये दिशोम गुरु शिबू सोरेन



डॉ मोहम्मद जाकिर



**शिबू सोरेन तब स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। उन पर मानो पहाड़ टूट पड़ा हो, तब उनकी उम्र मात्र 13 वर्ष थी। उनका पढ़ाई से बिल्कुल ध्यान हट गया। इस अबोध-अनाथ शिबू के मन में आक्रोश उत्पन्न हुआ। वे हजारीबाग आकर ठेकेदार के पास काम करने लगे। पिता की हत्या का बदला लेने की ज्वाला उनके अंदर धधक रही थी।**

11 जनवरी 1944 को एकीकृत बिहार के हजारीबाग जिला, जो वर्तमान में झारखंड प्रदेश के रामगढ़ जिला, का नेमरा गांव में संथाली जनजातीय समाज सोबरन मांझी (सोरेन) के यहां शिबू सोरेन का जन्म होता है। सोबरन मांझी एक सामान्य शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे महाजनी प्रथा (सूदखोरी) के खिलाफ लोगों के बीच जाकर के उन्हें जागृत करते। साथ ही नशाखोरी रोकने और शिक्षा के लिए लोगों को प्रेरित किया करते थे। महाजनों के नजर में इनके पिताजी किरकिरी किरकिरी बन गये। छोटानागपुर में हुए पूर्व के सभी आंदोलन - तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, सिदो-कान्हू, नीलांबर-पीतांबर, बिरसा मुंडा आदि के मूल में था महाजनी प्रथा। महाजन गरीब किसान के मजबूरी का फायदा उठाते और कर्ज देकर भारी भरकम ब्याज लेते। उधार के पैसे ब्याज सहित समय पर चुकाने से असमर्थ लोगों के अपनी पैतृक जमीन हड़प लेते। महाजनों के विरोध के कारण सोबरन मांझी की हत्या 27 नवंबर 1957 को महाजन लोगों ने निर्मम हत्या कर दी। शिबू सोरेन तब स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। उन पर मानो पहाड़ टूट पड़ा हो, तब उनकी उम्र मात्र 13 वर्ष थी। उनका पढ़ाई से बिल्कुल ध्यान हट गया। इस अबोध-अनाथ शिबू के मन में आक्रोश उत्पन्न हुआ। वे हजारीबाग आकर ठेकेदार के पास काम करने लगे। पिता की हत्या का बदला लेने की ज्वाला उनके अंदर धधक रही थी। जल्द उन्होंने काम छोड़ दिया। इन्होंने महसूस किया की किस तरह की गरीब, लचार, उपेक्षित, वंचित, अशिक्षित, बेरोजगार संथालों के साथ महाजन अत्याचार कर रहे हैं। सरकार संतालों पर हो रहे शोषण से सुरक्षा नहीं दे रही है। शिबू के मन में बदले की भावना जोर पकड़ती गयी। वे लोगों के बीच जाकर महाजनों के शोषण के खिलाफ जागरूक करने लगे। शिबू सोरेन ने अपने साथियों का एक दल बनाया। पहला आंदोलन धन कटिया आंदोलन था। आदिवासी युवा हमेशा तीर-धनुष से लैस होते थे। वे खुद अपने साथियों के साथ महाजन के खेतों में जाते थे। धान वाले खेतों से धान को कटवाते थे। धान लोगों के बीच बांटते थे। शिबू सोरेन का यह धन कटिया आंदोलन आंदोलन जंगल की आग की तरह पूरे संताल परगना में फैल गया। शिबू सोरेन इनके मुक्तिदाता-मसीहा के रूप में उभरे। वे स्वयं हड़िया-दारू, मांस-मदिरा का सेवन नहीं करते थे और न ही उनके सहयोगियों को करने देते। महाजनों के घोर अत्याचार, अन्याय और शोषण से संतालों को मुक्ति दिलाने के लिए शिबू सोरेन ने दशकों तक घोर संघर्ष किया। शोषित लोगों को यह विश्वास हो गया की महाजनों के शोषण से शिबू ही छुटकारा आजाद दिला सकता है। शिबू सोरेन के रूप में उन्हें नेता मिला। लोगों ने उन्हें दिशोम गुरु की उपाधि दी। संथाल भाषा में इसका अर्थ देश का गुरु होता है। लोगों का इनको भरपूर समर्थन मिलने लगा। फिर पुरानी मांग बिहार से अलग करके एक झारखंड राज्य के स्थापना की बात होने लगी, ताकि आदिवासियों के संस्कृति, जल, जंगल और जमीन बचाई जा सके।

> नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि, दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है।

संगठन को सुचारू रूप से चलने के लिए हर परिवार से और सहयोग के रूप में एक पाव यानी की 250 ग्राम चावल और 3 रुपये लेते थे। लोगों को शिक्षित करने के लिए रात्रि पाठशाला, पशु-पक्षी पालन, नशा बंदी आदि विकास हेतु रचनात्मक कार्य में लगाया जाता था। पारंपरिक शासन व्यवस्था (मांझी परगना) के तहत प्रशासन तथा न्याय कर एक तरह से संतालों के बीच वे सरकार चला रहे थे। शिबू के नेतृत्व में जो आंदोलन किया जा रहा है, उससे गरीब और किसानों के हक के लिए बेहतर कार्य हो रहा था। इसी बीच शिबू सोरेन, विनोद बिहारी महतो और अरुण कुमार राय साथ आये। 1972 में एक पार्टी बनाने पर विचार विमर्श हुआ। 4 फरवरी 1973 में जाकर जेएमएम यानी की झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन हुआ. एके राय के निर्देशन में प्रथम अध्यक्ष विनोद बिहारी महतो और शिबू सोरेन प्रथम महासचिव बने। 1987 से अप्रैल 2025 तक शिबू सोरेन जेएमएम के अध्यक्ष रहे।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आंदोलन के कारण उन पर कई मुकदमे दर्ज किये गये. उन्हें जेल जाना पड़ा। शुरुआती चुनावों में शिबू सोरेन को हार मिली। 1980 के दशक से लोकसभा, राज्यसभा, केंद्रीय मंत्री, झारखंड के मुख्यमंत्री जैसे पदों पर रह कर राज्य एवं देश की सेवा में योगदान दिये। उन्हें झारखंड के राजनीतिक गुरु भी कहा जाता है। झारखंड बनने के पूर्व उन्हें झारखंड स्वायत्त शासी परिषद का अध्यक्ष भी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके नेतृत्व में झारखंड अलग राज्य 15 नवंबर 2000 को आस्तित्व में आया।

पहाड़ और जंगलों की गोद में बसा नेमरा गांव, आज देश के सबसे चर्चित गांव है। नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि, दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है। यहां के जंगलों, नालों-नदियों और पहाड़ों ने क्रांति की उस हर गूंज को सुना है - हर कदम, हर बलिदान को संजोकर रखा है। शिबू सोरेन ने 4 अगस्त 2025 को दिल्ली के सर गंगा नारायण हॉस्पिटल में अपनी आखिरी लिये। तब से हेमंत सोरेन पितृ-शोक में अपने बाबा को को जंगल, पहाड़, नदी में तलाशते और साथ ही प्रशासनिक दायित्व को बखूबी निर्वहन किये। वीर योद्धा दिशोम गुरुजी की अंत्येष्टि के उपरांत होनेवाले सभी अनुष्ठान को बखूबी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। वहीं बेटी समान बाबा की बहू कल्पना सोरेन देशज परंपरा का निर्वहन करने में बिना संकोच किए हेमंत सोरेन का साये की तरह साथ रहीं।

रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर नेमरा गांव, से निकल कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जो राजनीति की लौ जगाया, वह झारखंड वासियों को सदियों तक मार्गदर्शन करती रहेगी. अब इस परंपरा को आगे बढ़ने की बड़ी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कंधों पर है।

## कोल्हान की खबरें

### किरायेदार पर जमीन हड़पने का आरोप

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना अंतर्गत तिलका गढ़ निवासी अवसान सरदार ने उनके घर में किराए पर रहने वाला पुलिसकर्मी सनातन सरदार पर जबरन जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया। जमीन मालिक का कहना है उन्होंने 800 रुपिया मासिक किराये पर मकान दिया था। लेकिन अब उक्त पुलिसकर्मी मकान को तोड़कर वहां बहुमंजिला इमारत खड़ी कर रहा है। पीड़ित परिवार ने जब विरोध किया तो पुलिसकर्मी ने वर्दी का धौंस दिखाकर उन्हें डरा-धमकाया। उन्होंने कहा मामले की शिकायत लेकर जब वे स्थानीय थाना पहुंचे तो थानेदार ने भी उन्हें भगा दिया। अंत मे हताश परिवार ने एसएसपी दरबार पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी। मकान मालिक अवसान सरदार और उनकी पत्नी ने आरोप लगाया पुलिस का रोब दिखाकर जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस भी मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगायी।

### धालभूमगढ़ में मंत्री रामदास सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



**धालभूमगढ़ (आजाद सिपाही)।** धालभूमगढ़ प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय में सोमवार को राज्य के दिवंगत मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दी गयी। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से उन्हें याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चेतन मुर्मू, पुलकन नमाता, सचिव नरेन सोरेन, कोषाध्यक्ष कमल मंडल, मुखिया विक्रम टुडू, अर्जुन मानडी, प्रखंड प्रमुख देवला हादसा, उप प्रमुख शुकरा मुंडा, मोहम्मद जुलास, मंगल हसदा, पोलटू राय, विनोद चौबे, महिला नेत्री फुल मनी टुडू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डीसी ने वज्रपात सुरक्षा रथ को किया रवाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से वज्रपात सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को वज्रपात से बचाव के उपायों की जानकारी दी जायेगी। मौके पर डीसी ने कहा प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बड़ा उपाय है। रथ के जरिए लोगों को आंधी-तूफान या बारिश के दौरान खुले मैदान, पेड़ या बिजली के खंभों से दूर रहने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग न करने, किसानों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाने सहित कई जरूरी सावधानियों से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने जिलेवासियों से वज्रपात के समय इन निर्देशों का पालन कर स्वयं और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

## रामदास सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि

**सैकड़ों झामुमो नेता और कार्यकर्ता हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची स्थित मंत्री कैम्प कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में झामुमो नेता, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित हुए और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि सभा में मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्व. रामदास सोरेन के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सचिव सह बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने कहा रामदास सोरेन गरीब और वंचित तबके की आवाज थे। उनकी निष्ठा, ईमानदारी और संघर्षशीलता हम सबके लिए प्रेरणा है। झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने कहा सोरेन जी का निधन पार्टी और पूरे झारखंड के लिए, अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे। उनका कम समय के कार्यकाल के दौरान राज्य में शिक्षा का स्तर में काफी सुधार हुआ है। आज हम सभी एक अभिभावक स्वरूप व्यक्ति को खो दिया। सिल्ली के विधायक अमित महतो ने कहा उन्होंने शिक्षा मंत्री रहते हुए शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कई पहल की। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा वे एक सच्चे जननेता थे, जो हमेशा जनता के बीच रहते थे। उनके विचार और जीवनशैली आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देंगे। मौके पर वरिष्ठ नेता वीर सिंह सुरेन भावुक होकर कहा कम समय में रामदास सोरेन का अचानक चले जाना झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका मिलनसार और जनता के प्रति समर्पित व्यक्तित्व समाज को मिलना अब मुश्किल है। उन्होंने कहा स्वर्गीय रामदास सोरेन केवल आंदोलनकारी नही बल्कि ईमानदार और संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे। इसे निकट भविष्य में भरपाई करना मुश्किल है। वीर सिंह सुरेन ने कहा स्वर्गीय रामदास सोरेन की कमी हमेशा खलती रहेगी, लेकिन उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा में झामुमो केंद्रीय सचिव सह विधायक समीर मोहंती, केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी, विधायक अमित महतो, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, वरिष्ठ नेता वीर सिंह सुरेन, शेख बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, सागेन पुर्ती, अरुण प्रसाद, विक्टर सोरेन, अरुण सिंह राजा, विजय महतो, अंकित सिंह, नान्टु सरकार, कमलजीत कौर गिल, सबिता सिंह सहित सैकड़ों झामुमो नेता, कार्यकर्ता व शुभचिंतकगण शामिल रहे।

## नेताजी सुभाष विवि में एंटी रैगिंग सप्ताह मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की एंटी रैगिंग कमिटी द्वारा आयोजित इस सप्ताह का उद्देश्य छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाना और परिसर में सुरक्षित, सम्मानजनक और रैगिंग मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार पाणि के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा रैगिंग मानवीय गरिमा का उल्लंघन है और एनएसयू में हम शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने रैगिंग विरोधी नारे लगाते हुए परिसर में रैली निकाली। सैकड़ों छात्रों ने रैगिंग न करने और पारस्परिक सम्मान बनाये रखने की शपथ ली। विशेषज्ञों ने रैगिंग के कानूनी, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर विचार रखे।पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने रैगिंग के दुष्प्रभावों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। रैगिंग के प्रभावों पर आधारित फिल्म ने छात्रों को गहराई से संवेदनशील बनाया। मौके पर विश्वविद्यालय प्रशासनिक अधिष्ठाता प्रो. नाज़िम खान ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा पाने का अधिकार है। पारस्परिक सम्मान और सौहार्द किसी भी प्रगतिशील शैक्षणिक संस्थान की आधारशिला है। इस अवसर पर कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय रैगिंग के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। सप्ताह भर चले इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार पाणि, प्रशासनिक अधिष्ठाता प्रो. नाज़िम खान, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मोइज अशरफ, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. श्रद्धा वर्मा, मुख्य वित्त अधिकारी वाई. ज्योति सहित विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के तितरबिला पुल के समीप सड़क दुर्घटना में उतमडीह निवासी शंभू महतो की मौत हो गयी। जबकि उनके साथी जीतू महतो गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार शंभू महतो अपने ससुराल कालापत्थर से सरायकेला बाजार जा रहे थे। मौके पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे ढाबा से टकरा गयी। दुघटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने शंभू महतो को मृत घोषित कर दिया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।सूचना मिलने पर पहुची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### करंट लगने से बच्चे की मौत

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला थाना क्षेत्र के तिमनिया गांव में मंगलवार दोपहर में करंट लगने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार घर में चल रहे टेबल फैन के वायर में शॉर्ट सर्किट हो गया था। जिससे टेबल व पंखा विद्युत प्रवाहित हो गये। बच्चा टेबल को छूते ही करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर है।

### खरसावां में जिला फुटबॉल सुपर लीग अर्जुना कप 20 से 30 अगस्त तक



**खरसावां (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिला फुटबॉल सुपर लीग अर्जुनां कप का आयोजन 20 से 30 अगस्त तक खरसावां अर्जुनां में किया जायेगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 24 टीमों के बीच लीग मुकाबले होगा। ग्रुप स्टेज में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 6 टीमें अगले चरण में प्रवेश करेंगी। फुटबॉल सुपर लीग में 20 अगस्त को रेजिडेंशियल फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर खरसावां बनाम अर्जुना अकादमी एफसी खरसावां, 21 अगस्त सर्ना तारूब कांड्रा बनाम तुडीयान एफसी खरसावां, 22 अगस्त को रेजिडेंशियल फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर बनाम माहिर एफसी सिनी और फाइनल मुकाबला 30 अगस्त को ग्रुप ए और ग्रुप बी के चैंपियनों के बीच खेला जायेगा। जिसके 2025 के विजेता को लीग चैंपियन घोषित किया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव मो. दिलदार की अध्यक्षता में रेफरियों की बैठक अर्जुनां स्टेडियम में आयोजित की गयी। बैठक में लीग को सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी।

### बोड़ाम में किसानों और महिला समूहों के बीच ट्रैक्टर और पंपसेट का वितरण

**बोड़ाम (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के भूमि संरक्षण कार्यालय जमशेदपुर के द्वारा बोड़ाम प्रखंड कार्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को समारोह में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने मुख्यमंत्री ट्रैक्टर और कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर तीन महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को बड़े ट्रैक्टर पैकेज (10 लाख) पर 50 प्रतिशत अनुदान के साथ ट्रैक्टर प्रदान किये गये। वहीं 40 किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सिंचाई पंपसेट का वितरण किया गया। मौके पर गीतांजलि महतो, ललिता सिंह, किंकू महतो, रियाज अंसारी, विवेक बिरुआ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गढ़वा के साहित्यकार डॉ राजीव भारद्वाज को नेपाल में मिलेगा सार्क प्राइड अवॉर्ड



गढ़वा (आजाद सिपाही)। साहित्य, समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले झारखंड राज्य के गढ़वा जिले के प्रख्यात साहित्यकार एवं व्यंग्यकार डॉ. राजीव भारद्वाज को नेपाल की राजधानी काठमांडू में 'शार्क प्राइड अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया जायेगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 24 अगस्त 2025 को काठमांडू स्थित येलो पगोडा होटल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति जस्टिस (सेवानिवृत्त) परमआनंद झा करेंगे, जबकि नेपाल के उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ायेंगे।

## फ्लाइंग विंग्स पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय फ्लाइंग विंग्स पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय में भगवान श्री कृष्णा के जन्म उत्सव के रूप में आनंद, प्रेम और धर्म की विजय का संदेश दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्वेत प्रकाश ने बतलाया कि भगवान श्री कृष्णा मित्रता की मिसाल को कायम किया और अपने निर्धन मित्र सुदामा के प्रति आपार स्नेह को दर्शाया है।

## भुईयां समाज ने मनायी दशरथ मांझी की पुण्यतिथि



रंका (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति प्रखंड रंका के तत्वावधान में 17 अगस्त 2025 को माउंटेन मैन बाबा दशरथ मांझी का 18वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर दशरथ मांझी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अध्यक्ष रामनरेश भुईयां ने कहा कि दशरथ मांझी सच्ची लगन और कठिन परिश्रम के एक मिशाल थे। इस मौके पर अध्यक्ष रामनरेश भुईयां, सचिव विजय कुमार भुईयां, उपाध्यक्ष शिव कुमार भुईयां, कोषाध्यक्ष मधुसूदन भुईयां, गोपाल, बृंदा, रामपृत, मुंद्रीका, रामू, चंदन, अजीत, अजय, हरि, सोनू, रविंद्र भुईयां सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रंका में हाथी ने गिराया घर, खाये अनाज



रंका (आजाद सिपाही) । रंका थाना वन क्षेत्र अन्तर्गत चुतरू पंचायत के हाड़ीघाट टोला निवासी सरदार मांझी के घर को 17 अगस्त 2025 को रात्रि में हाथी ने कच्चे घर को गिरा दिया और घर में रखे अनाज को खा गये। किसी तरह लोग अपनी जान बचाने में सफल रहे। सरदार मांझी एक गरीब व्यक्ति हैं, जो स्वयं घर बनाने में समर्थ नहीं हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षतिपूर्ति मुआवजा एवं अबुआ आवास की मांग की है। इसके संबंध में चुतरू पंचायत के उपमुखिया ज्याउद्दीन अंसारी ने कहा कि रंका थाना के जंगली क्षेत्रों में हाथियों के आतंक बढ़ गयी है और आये दिन लगातार घटनाएं होती रहती है। जिसपर वन विभाग को पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत है।

## दो दिवसीय श्री रामाश्रम सत्संग संपन्न



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के संत जेपी स्कूल उपकेंद्र करचा के प्रांगण में दो दिवसीय श्री रामाश्रम सत्संग का आयोजन ब्रह्मलीन परम संत श्री शारदा चरण जी महाराज के तत्वाधान में दो दिवसीय श्री रामाश्रम सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आगरा से उपस्थित अनंत श्री वास्तव आचार्य ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को सफल प्राप्ति के लिए हम सभी को एक से कम आधे घंटे मन शांति रूप से ईश्वर के प्रति समर्पित करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में बबलू गुप्ता, टुनटुन सोनी, धनंजय गुप्ता, बलराम प्रसाद गुप्ता, मुन्ना प्रसाद, दिनेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।

## भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह का समापन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में 'भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह' 2025 के अंतर्गत समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय में अंतरिक्ष विज्ञान पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी प्रशिक्षुओं में संदीप, नेहा, पवन, सुप्रिया, इंद्रजीत, इस्तेखार, अंजलि, पंकज, निक्की आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, डॉ मनोज कुमार, आनंद कुमार चौबे, रेखा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



मेराल (आजाद सिपाही)। बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन के सभागार में सोमवार को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, सीओ यशवंत नायक, महिला प्रवेक्षिका मीना कुमारी, स्वस्तिका रानी, प्रशिक्षण के अजीत कुमार सिंह, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा ने बताया कि प्रथम बैच में 50 आंगनबाड़ी सेविकाओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण में बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा पर विस्तार से बताया जाएगा जो बच्चों के भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

# टेबल टेनिस खेल मानसिक तीक्ष्णता और सजगता को बढ़ाता है : एसडीओ

**दो दिवसीय 14 वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन**

**स्किल के साथ-साथ फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है : अलखनाथ पांडेय**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** दो दिवसीय 14 वी गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप एवं अंतर स्कूल प्रतियोगिता सोमवार से वन विभाग के सामुदायिक भवन में शुरू हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष सह गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, सिस्टर रौशना आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संजय कुमार ने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ बेहतर काम कर रहा है। टेबल टेनिस में एकाग्रता, ध्यान और त्वरित निर्णय लेने की आवश्यकता होती है, जो मानसिक ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यह मानसिक तीक्ष्णता और सजगता को भी बढ़ाता है। जबकि अलखनाथ पांडेय ने कहा खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलें। खेल को मनोरंजन के लिए नहीं कैरियर के रूप में लेते हुए इसे आप बेहतर रूप से खेलें। साथ ही खेल को जीत के लिए खेलें तभी आप बेहतर कर सकते हैं। वहीं मदन प्रसाद किसी ने कहा कि कहा कि खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को सिर्फ पहचान ही नहीं दिया है, बल्कि खेल के माध्यम से नये आयाम पर पहुंचाने का काम किया है। संघ ने अपने 15 वर्षों में 18 नेशनल खिलाड़ी देने का काम किया है।

## चिनिया प्रखंड के प्रतिनिधियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला के चिनियां प्रखंड अंतर्गत बिलैतीखैर पंचायत के मुखिया एवं अन्य प्रतिनिधियों के द्वारा गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा, जिसमें प्रतिनिधियों के द्वारा चिनियां स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली के साथ-साथ बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने की मांग की गयी। साथ ही साथ पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार के माध्यम से फंड उपलब्ध कराने की बात कही गयी।

चिनिया प्रखंड के प्रतिनिधियों ने चिनियां स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए 24 घंटे एमबीबीएस डॉक्टर के पदस्थापन, अस्पताल में कम से कम तीन जीएनएम एवं तीन एएनएम, गर्भवती महिलाओं हेतु महिला डॉक्टर एवं नर्स, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन समेत अन्य उपकरण तथा अस्पताल की सुरक्षा हेतु दो सुरक्षा गार्ड के पदस्थापन की मांग की गयी है। साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास हेतु वित्त आयोग के माध्यम से फंड दिलाने हेतु विधानसभा में मामला को उठाने की मांग स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से जनप्रतिनिधियों ने किया।

जनप्रतिनिधियों के मांग के आलोक में विधायक सत्येंद्र नाथ ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वह सरकार के स्तर से पहल करने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे, साथ ही साथ आगामी विधानसभा सत्र के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को विकास हेतु फंड मुहैया कराने के लिए मुखर तरीके से विधानसभा में आवाज उठायेंगे।

## डंडई प्रखंड में पैक्स दुकानदार की मनमानी, यूरिया 700 रुपये में बिक रहा

**ग्रामीणों की शिकायत पर कुछ दिन पहले ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उक्त दुकानों की जांच की थी और सख्त निर्देश दिया था कि खाद हर हाल में सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही बेची जाये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के कई पैक्सों एवं पंजीकृत व अपंजीकृत खाद-बीज दुकानों पर यूरिया और डीएपी खाद की मनमानी कीमतों पर खुलेआम बिक्री जारी है। निर्धारित दर से अधिक दाम वसूले जाने से किसान बुरी तरह परेशान हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार लवाही कला स्थित पैक्स दुकानदार राजकुमार उर्फ बसंत प्रसाद यूरिया खाद 650 से 700 रुपये प्रति बोरी में बेच रहे हैं। इतना ही नहीं, किसानों को खाद लेने के लिए जबरन जॉयम थमाया जा रहा है। यदि किसान अतिरिक्त सामान लेने से इनकार करते हैं तो उन्हें खाद उपलब्ध ही नहीं कराया जाता। इस मजबूरी में किसानों को 45 किलो यूरिया खाद की बोरी 650 से 700 रुपये तक खरीदनी पड़ रही है, जिसमें जॉयम की थैली की कीमत भी जोड़ दी जाती है। इसी तरह लवाही गांव के ही एक अन्य खाद विक्रेता गणेश साव भी किसानों से प्रति बोरी 650 से 700 रुपये तक वसूल रहे हैं। गौरतलब है कि करीब सप्ताह दिन पूर्व ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली ने उक्त दुकानों की जांच की थी और सख्त निर्देश दिया था कि खाद हर हाल में सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही बेची जाये। इसके बावजूद दुकानदारों पर किसी तरह का असर नहीं पड़ा और मनमाने दाम पर बिक्री का सिलसिला अब भी जारी है।

## यादव महासभा के अध्यक्ष बने प्रताप यादव

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रांतीय यादव महासभा का प्रखंड स्तरीय बैठक मध्य विद्यालय सिलीदाग एक में जगदीश प्रसाद यादव के अध्यक्षता किया गया। बैठक में प्रखंड कमेटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें प्रताप कुमार यादव को अध्यक्ष, बबलू प्रसाद यादव सचिव, अजय कुमार यादव, विनय प्रसाद यादव को महासचिव संजय प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष, केदार प्रसाद यादव, मुखलाल यादव, प्रमोद यादव को उपाध्यक्ष, संतोष प्रसाद यादव,उपेंद्र प्रसाद यादव, सुरेंद्र यादव, प्रमोद यादव एवं रामचंद्र यादव को संरक्षक बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के सदस्य के रूप में विनय प्रसाद यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, अयोध्या आदि अन्य को बनाया गया।

## दिवंगत शिक्षा मंत्री के निधन पर आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में शोक सभा का आयोजन



मंझिआंव (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मंझिआंव में विशेष सभा में झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सभी शिक्षकों और छात्रों ने दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य केआर झा ने अपने भाषण में माननीय शिक्षा मंत्री के करिश्माई व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला, जो एक साधारण आदिवासी व्यक्ति से झारखंड के शिक्षा मंत्री के पद तक पहुंचे थे। वे सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। अपने छोटे से मंत्रित्व काल के दौरान, उन्होंने राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बहुत कुछ किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि उनका निधन राज्य के लिए एक बड़ी क्षति है। प्रसिद्ध शिक्षाविद् और विद्यालय के निदेशक श्री अलख नाथ पांडे ने अपने संदेश में कहा कि उनका निधन उनके परिवार और पूरे राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है और उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत परिजनों ने जम कर मचाया बवाल

**पुलिस प्रशासन ने मृतिका के घर पहुंच कर आक्रोशित लड़की पक्ष वालों को शांत कराया, जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पाट मे संदेहास्पद स्थिति में नवविवाहित की मौत के बाद लड़की पक्ष वालों ने लड़का के घर पहुंच जम कर बवाल मचाया। बाद में पुलिस प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के पहल मामले को शांत कराया गया तथा शव का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम ने बताया कि भंडरिया थाना क्षेत्र के पाट गांव निवासी सुधन भुईयां के पुत्र धनजंय भुईयां की शादी पलामू के नावा बाजार थाना क्षेत्र के रबदा गांव निवासी रमेश भुईयां की पुत्री उगनी कुमारी के साथ हिन्दु रितिवाज के साथ 6 मई 2025 को संपन्न हुआ था। जुलाई माह में दोनों दंपति अपने भरण पोषण के लिए गांव के ही अन्य लोगों के साथ कमाने चेन्नई गये हुए थे। इसी दौरान 15 अगस्त 2025 को उगनी देवी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी थी। धनंजय भुईयां अपनी पत्नी के शव को लेकर जब अपने घर पाट पहुंचा, तो पहले से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग उसके घर पहुंच कर हल्ला गुला कर रहे थे, तथा हत्या करने की बात कह कर शव को अंतिम संस्कार नहीं करने देने पर अड़ गये तथा जमकर बवाल मचाने लगे। सूचना पर भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम अपने दलबल के साथ मृतिका के घर पहुंच कर आक्रोशित लड़की पक्ष वालों को शांत कराया, जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर के प्राचार्य का निधन, शोक की लहर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित सभी संस्थानों में आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर के अधौरा के प्राचार्य एल के ओझा (उम्र लगभग 55 साल) के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे अगस्त 2006 से कार्यरत थे और वर्तमान में प्राचार्य के रुप में स्कूल परिवार के मुख्य अंग थे। उनका इस तरह असमय चला जाना स्कूल परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस दुःख की घड़ी में हम सभी उनके परिवार के साथ हैं और ईश्वर से इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करते हैं।

शोक सभा में आरकेवीएस संस्थान के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, आरकेपीएस गढ़वा के प्राचार्य संतोष पांडेय, ऊंचरी मंझिआंव के प्राचार्य केआर झा, हूर स्कूल की प्राचार्या नसरीन हक, प्रशासनिक इंचार्ज पी के झा, अनुप कुमार पांडेय, विनय सिंह, संजय कुमार, रविकांत चौबे, राहुल सोनी, विकास तिवारी, अनिता सिन्हा, रेणु गुप्ता,शहेला खान व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



फोटो–करण कुमार

गिददी थाना कांड सं0–42/25, दि0–15.07.2025, धारा– 137(2) बी0एन0एस0 के आलोक में गुमशुदा बालक–करण कुमार उम्र–16 वर्ष, पिता–अर्जुन राम, सा0–सरफाबाद (गौतमबुद्ध नगर), थाना–49 सुरतपुर, दिल्ली हपने नानीघर ग्राम–होसीर, थाना–गिददी, जिला– हजारीबाग दिनांक–09.07.2025 को ग्राम–होसीर से अपने भाई से लड़ाई करने के कारण उसकी माँ के द्वारा डाँटने के कारण कहीं चला गया है, जो काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है।
**हुलिया:– लम्बाई–5 फीट,रंग–सांवला, बाल–काला, पतला–दुबला, पहनावा– नीला रंग का टी–शर्ट एवं काला टोर्जर पहना हुआ है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–
अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430336100
थाना प्रभारी गिददी, हजारीबाग :– 9471314274

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग

PR 359699 Police(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-11/2025-26(3rd Call) दिनांक –18.08.2025**

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 22.08.2025 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.08.2025 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01.09.2025 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत रायडीह प्रखण्ड के पतराटोली में निर्मित बख्तर साय स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य। | रायडीह | पर्यटन | 6528700.00 | 130600.00 | 10000.00 | 06 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 359724 Minor Irrigation(25-26).D



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**

**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**

**Date – 18-08-2025**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/33/2025-26 | Construction of View Cutter Wall, Santry Post and Other Works (Due to Security Reasons) in Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi | 6839500 | Three Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/34/2025-26 | Renovation of Main Building and Other Work in Residence No. E-3 at Mayer's Road, Ranchi | 5337500 | Two Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/35/2025-26 | Renovation of Irrigation Guest House (Minister Residence) at A.G. More, Doranda, Ranchi | 7202600 | Three Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/36/2025-26 | Construction of Upper Division Cell and V.C. Room at Birsa Munda Central Jail, Hotwar in the District of Ranchi | 8345600 | Six Month |
| 5 | Start Date of Submission of Bids | 25-08-2025 at 11.00 AM | | |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Bids | 01-09-2025 at 11.00 AM | | |
| 7 | Date/Time of Opening of Bid | 02-09-2025 at 11.00 AM | | |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 9 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |

Note: - Cost of bidding document (Non -Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 359746 Building(25-26)D

# ओझा सहित पीएलएफआइ के चार नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के चार सक्रिय नक्सलियों को रविवार को रनिया थाना क्षेत्र के जिबिलोंग टोंगरी से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये नक्सलियों में कुख्यात नक्सली ओझा पाहन उर्फ ओझा तोपनो उर्फ बादल तोपनो उर्फ भगत भी शामिल है। उसके विभिन्न थानों में दस मामले दर्ज हैं और वह पहले जेल जा चुका है। दूसरे पकडे गये नक्सली जिबनुस आईंद के खिलाफ भी पहले से सात मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सलियो के पास से पुलिस ने कई हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये है। यह जानकारी जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पों ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के जिबिलोंग टोंगरी के पास ओझा पाहन अन्य नक्सलियों के साथ कस्तूरबा स्कूल और लैम्स गोदाम के ठेकेदारों और व्यापारियों से लेवी वसूलने और दहशत फैलाने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उग्रवादियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार नक्सलियों में ओझा पाहन उर्फ ओझा तोपनो, (रामतोल्या बगीचा टोली, कामडारा, गुमला), जेवियर कोंगाड़ी (उड़ीकेल बड़काटोली, रनिया, खूंटी), संतोष कोंगाड़ी (उड़ीकेल घांसीटोली, रनिया, खूंटी) और जिबनुस आईंद उर्फ दढ़ियल उर्फ छोलल (एरमेरे, तोरपा, खूंटी) शामिल है। पुलिस ने पकड़े गये नक्सलियों के पास से एक 7.65 एमएम की लोडेड देसी पिस्टल, 7.65 एमएम की तीन जिंदा गोलियां, एक देसी कट्टा, आठ एमएम की दो गोलियां, पीएलएफआई संगठन के दो पर्चे, दो मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, आधार कार्ड और रोड रोलर जलाने में प्रयुक्त पेट्रोल से भरी दो बोतलें बरामद की हैं।

**रोड रोलर जलाने में शामिल थे उग्रवादी :** एसपी ने बताया कि गत 27 मई को इन नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर को जला दिया था। इस संबंध में रनिया थाने में मामला दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि लेवी नहीं देने पर रोड रोलर जलाने की बात नक्सलियों ने पुलिस के समक्षे स्वीकार की है। इस मामले में पहले भी नक्सली गेंदे बारला उर्फ लादेन को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**रायकेरा में भी जेसीबी को जलाने का किया था प्रयास :** एसपी ने बताया कि गत आठ अगस्त की रात रनिया थाना के रायकेरा गांव में निमार्णाधीन कस्तूरबा विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में लगी एक जेसीबी मशीन को जलाने का प्रयास किया गया था। हालांकि निर्माण कार्य के संवेदक ने इस संबंध में कोई केस दर्ज नहीं कराया था। उनका कहना था कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, लेकिन ओझा पाहन समेत अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के बाद सबने पुलिस को दिए अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा कि लेवी नहीं देने के कारण उन्होंने जेसीबी में आग लगाने का प्रयास किया था।

**लेवी नहीं देने पर व्यापारी को मार डाला था :** एसपी ने बताया कि इन नक्सलियों ने नौ जून 2016 को कामडारा के व्यापारी युगल किशाोर साहू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में ओझा टोपनो के खिलाफ कामडारा थाने में मामला दर्ज किया गया था।

**ओझा पाहन के खिलाफ 10 और जिबनुस के दर्ज हैं सात आपराधिक मामले :** पिछले 10-12 वर्षों से पुलिस के लिए सिरदर्द बने ओझा पाहन के खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, आगजनी, उग्रवादी गतिविधि सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर दस मामले दर्ज हैं। ओझा के खिलाफ कामडारा थाने में सात मामले, तोरपा, बसिया और जरियागढ़ थाने में एक-एक मामला दर्ज है। पकड़े गये दूसरी नक्सली जिबनुस आईद के खिलाफ भी सात मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। उसके खिलाफ तोरपा थाने में तीन, और जरियागढ़ और कामडारा थाने में दो-दो मामले दर्ज हैं।

छापामारी करने वाली पुलिस टीम में तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंकू, टीनू कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार महतो, आरक्षी तालकेश्वर यादव, रिमियुस केरकेट्टा, आसियन जोजो, अनुप लकड़ा और तोकेन पुलिस पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अपराधियों ने कोल वाहन पर की फायरिंग, बाल-बाल बचा चालक

**अमन साहू गैंग के आजाद सरकार नाम से छोड़ा गया पर्चा, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा रेलवे फाटक के समीप ट्रांसपोटिंग मार्ग पर सोमवार की दोपहर बाईक सवार अज्ञात नकाबपोश हथियारबंद अपराधियो ने कोल वाहन पर फायरिंग कर दहशत फैला दी है। फायरिंग की इस घटना में हाइवा डंपर के चालक बाल-बाल बच गया। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर राजधर रेलवे साईडिंग के बहेरा रेलवे फाटक और सीएचपी सेलो लोडिंग प्वाईट के बीच ट्रांसपोटिंग मार्ग पर अपाची बाईक से आये दो नकाबपोश हथियारबंद अपराधियो ने वहां खड़ी हाईवा डम्पर जेएच02बीजे-0271 पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान हाईवा डम्पर चालक जगदीश महतो वाहन के बगल हाथ धो रहा था, जिसके कारण वह बाल-बाल बच गया। अपराधियों ने फायरिंग करने के बाद अमन साहू गैंग के आजाद सरकार नाम का पर्चा छोड़कर फरार हो गया। उक्त हाईवा आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लेकर राजधर साईडिंग जा रहा था। फायरिंग की इस घटना मे हाईवा का शीशा टुट गया है। इधर घटना की सूचना पाकर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, अवर निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह सशस्त्र बल के जवानों के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना स्थल से पुलिस ने अमन साहु गैंग का पर्चा और एक खोखा भी बरामद किया है। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान शुरू कर दी है। इधर ट्रांसपोटिंग मार्ग पर दिन दहाड़े हुई फायरिंग की घटना से वाहन चालकों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। करीब 15 दिन पूर्व भी पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ के समीप अज्ञात अपराधियों ने कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

**जल्द होगी अपराधियों की गिरफ्तारी–बरवार :** मौके पर पहुंचे टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि इस घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से सीमांत एरिया को सील कर व्यापक स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह घटना नक्सली संगठन द्वारा की गयी है या अपराधियों के द्वारा इसकी जांच की जारी है। घटना स्थल से बरामद किये गये पर्चा के बारे में भी जांच चल रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जेल से बाहर निकले कुछ अपराधियों पर भी पुलिस की नजर है और सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है। इस तरह के घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा।

# तमाड़ में सर्पों की देवी मां मनसा देवी की हुई पूजा



आजाद सिपाहीद संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को सर्प की देवी मां मनसा की पूजा धूमधाम से की गयी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने बड़ा तालाब में पूजा अर्चना किया। इसके बाद बारी से जल लेकर शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाते हुए अपनी भक्ति का परिचय दिया। दर्जनों भक्तों ने त्रिशूल, पीन, सिफटा से अपने शरीर को भेदकर आरपार किया। ऐसा करते समय भक्तों को जरा भी दर्द का एहसास नहीं होता है, न ही बाद में किसी प्रकार के इलाज की जरूरत पड़ती है। डॉक्टरों ने भी इसकी पुष्टि की है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। बुर्जुगों का कहना है कि मां मनसा की कृपा से ही ऐसा संभव होता है। त्रिशूल, सिफटा, पीन से शरीर में कहीं भी भेदन करने पर न दर्द नहीं होता है और न ही खून निकलता है। जय मां मनसा के नारों से पूरा तमाड़ गूंज उठा। सोमवार की सुबह बड़ा तालाब में माता के घट का विसर्जन किया जायेगा। पूजा के अवसर पर भक्तों ने मां के गीतों पर जमकर नृत्य किया। पूरे तमाड़ में उल्लास और श्रद्धा के साथ यह पर्व संपन्न हुआ।

## मां मनसा देवी की धूमधाम से हुई पूजा



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में रविवार को गुमनाम से सर्पों का देवी मां मनसा देवी का पूजा अर्चना किया गया। हर घरों में मनसा देवी की पूजा होती है और आताड़ग्राम में दर्जनों बकरे का बली दिया जाता है। इस वर्ष कुंदन कुमार नाइट एवं कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में लगभग सभी घरों में मनसा देवी का पूजा अर्चना कर बत्तख का बली दिया जाता है। बताया जाता है कि मां मनसा देवी की पूजा अर्चना करने से सर्प का भय नहीं रहता और सर्व मनोकामना पूर्ण होती हैं। पुरे भादो महिने भर मां मनसा देवी की पूजा किया जाता है और विश्वकर्मा पूजा के दिन तक लोग अपने हिसाब से मां मनसा देवी का पूजा करते हैं।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

खलारी (आजाद सिपाही)। हुटाप घाटी में रांची की ओर से आ रही ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस घटना में बाइक सवार बुढ़मू देवर खंड आरा निवासी बबलू उरांव, पत्नी सुमन देवी और पांच वर्षीय बेटी सलोनी कुमारी घायल हो गयी। रास्ते में पड़े घायल को मैकलुस्कीगंज के एक स्कूल शिक्षक आनंद ने डकरा अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। घायल बबलू उरांव ने बताया कि विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक मोड़ पर संतुलन खो बैठा और बाइक को अपने पिछले हिस्से से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा। हादसे में सलोनी कुमारी को गंभीर चोटें आयी हैं। जिसकी स्थिती गंभीर बतायी जा रही है। सूचना पाकर खलारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों से पूछताछ की।

# ऑल्टो कार से अवैध महुआ शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाहीद संवाददाता






**खूंटी।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सायको थाना क्षेत्र के रूतडीह गांव में सोमवार को छापामारी कर एक ऑल्टो कार से 180 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस को सूचना गुप्त सूचना मिली थी कि सायको थाना क्षेत्र के रूतडीह गांव में एक मारुति ऑल्टो कार से तीन लोग अवैध महुआ शराब की तस्करी कर बाहर ले जाने वाले हैं। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए रुताडीह गांव में पुलिस ने छापामारी कर तीन अपराधकर्मियों को एक मारुति ऑल्टो कार नंबर जेएच 01के 3079 में लदी 180 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया इस संबंध में सायको थाने में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बुटका मुंडा, कमाता सेरेंगडीह जिला खूंटी, रामदयाल हास्सा रूताडीह थाना सायको जिला खूंटी और दिनेश भेंगरा अनिगड़ा, पीड़ीटोली थाना खूंटी शामिल हैं। बताया गया कि बुटका मुंडा के खिलाफ पहले से भी आर्म्स एक्ट, गोवंशीय पशु बध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। दिनेश भेंगरा के खिलाफ भी खूंटी थाने में एक मामला दर्ज है। छापामारी टीम में सायको के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक पितस बाड़ा, हवलदार भुवनेश्वर उरांव, हवलदार प्रदीप सांगा हवलदार शोभित कुजूर आरक्षी सोवरन लोहरा, रजाउद्दीन मियां, धर्मेंद्र भगत शामिल थे।

## पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में 95 अभ्यर्थियों का चयन



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज, खूंटी में सोमवार को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2025 का आयोजन किया गया। मेले में सात नियोजकों नेशन इलेक्ट्रॉनिक्स प्रालि अहमदाबाद, गीगा कॉर्पसोल प्रालि गुजरात, ओस्टर्न प्रालि वेस्ट बंगाल, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स नोएडा और एडवांटेज दिल्ली सहित अन्य नियोजक कंपनियां ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। मेले में लगभग 210 आवेदकों ने भाग लिया। इनमें से 95 आवेदकों को चयन के लिए विभिन्न नियोजकों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूंटी की प्रधानाचार्या वीणा कुमारी ने कहा कि अप्रेंटिसशिप मेला युवा वर्ग को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है।

## खलारी में निवर्तमान बीडीओ संतोष को दी गयी विदाई



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार खलारी में सोमवार को निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संतोष कुमार को एक सादे समारोह में विदाई दी गयी। मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी प्रणव अंबष्ट, प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा, अंचल अधिकारी बुढ़मू सच्चिदानंद वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी और पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो सहित अन्य लोगों ने संतोष कुमार को बुके दिया। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक असित कुमार, किशोर कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, सभी कनिष्ठ अभियंता, लिपिक, मुखिया गण, लेखपाल, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, बीएलओ, संवेदक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## रिटायर सीनियर ओवरमैन अनिल को दी गयी विदाई



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित सनी रेसीडेंसी मे ऑपरेटर संघ एवं स्टॉफ के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पिपरवार परियोजना से सेवानिवृत हुए सीनियर ओभरमैन अनिल कुमार सिन्हा को विदाई दी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल राम और संचालन रूपलाल महतो ने किया। वक्ताओं ने अनिल कुमार सिन्हा के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर मुख्य रूप से अनिल कुवंर, इकबाल हुसैन, जयनाथ महतो, मोहम्मद शमीम, शंकर मुंडा, सरवर खान, बंसत कुमार, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद शाहीद, जय कुमार साव, नंदलाल मेहता, कलामुद्दीन मियां, शंकर मुंडा, प्रकाश महतो, बसंत कुमार आलम सहित काफी संख्या में ऑपरेटर एवं स्टाफ मौजूद थे।

# बिरसा कॉलेज में रामदास सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन बिरसा कॉलेज के सभागार में सोमवार को शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ सीके भगत ने रामदास सोरेन की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कॉलेज के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा औरब दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में डॉ पुष्पा सुरीन, राज कुमार गुप्ता, जया भारती कुजूर, पूनम माई टीयू, किरण रूबी, अनंत राम, तारीफ लुगुन, प्रियंका कुमारी, अस्मृता मेहता, रेशमा, सुशीला कुजूर, सावित्री कुमारी, सिजीरन सुरीन, काली मुंडू, घनश्याम मिश्रा, विजय प्रधान, प्रकाश प्रामाणिक आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर आरवीएम, झामुमो और जेसीएमयू ने किया शोक प्रकट

पिपरवार (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन और झारखंड मुक्ति मोर्चा पिपरवार क्षेत्रीय समिति ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर शोक प्रकट किया है। इस संबंध मे अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि स्व. रामदास सोरेन झारखंड के एक आदिवासी समुदाय के नेता थे। समाज की सेवा और क्षेत्रीय विकास में उनकी गहरी जड़ें थी। राज्य के राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उनके निधन से झारखंड सहित पूरे देश में शोक की लहर है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का हम सभी को छोड़कर जाना अत्यंत ही दुखद और पीड़ादायी है।उनका विचार, संघर्ष,त्याग हमारे बीच अमर व जीवित रहेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और अपने श्री चरणों में स्थान दें। शोक व्यक्त करने वालों में इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, परमेश्वर गंझू, अर्जुन गंझू, परमेश्वर साव, मथुरा मंडल, कल्लू राम, गणेश भुइंया, अनिल राम, सुनील उरांव, मुकेश साव, दीपक उरांव,राजू मुरमू सहित कई संगठित और असंगठित मजदूरो का नाम शामिल है।

# किशोरी से दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



गिरफ्तार दोनों आरोपी।


**खलारी।** खलारी में रविवार को एक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसे सहयोग करने वाली महिला को गिरफ्तार कर सोमवार को दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पीड़ित किशोरी, आरोपी महिला व पुरूष थाना क्षेत्र के सुभाष नगर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पीड़िता के पिता ने खलारी थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी करीब 14 वर्षीय पुत्री को पड़ोस की फातमा खातुन उर्फ सोनी, पति-हजरत अंसारी द्वारा गलत नियत से जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड खलारी के आपरेटर जितेन्द्र वर्मा, पिता स्व0 राजू वर्मा के साथ बाइक से अपहरण कर उसके साथ बलात्कार किया गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना खलारी में कांड संख्या 56/2025 दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 96/137(1)(बी)/64(2)(के)/65 बीएनएस एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी के निर्देश पर त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी फातमा खातुन उर्फ सोनी को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। महिला से कड़ाई से पूछताछ की गई और उसके काल डिटेल्स खंगाले गए। इसके बाद डीएसपी आरएन चौधरी के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने मुख्य आरोपी जेएमएस कंपनी के जितेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र वर्मा मूल रूप से केन्दुआडीह (धनबाद) का रहने वाला है। वर्तमान में सुभाषनगर स्थित जेएमएस आफिस परिसर में रह रहा था। पुलिस ने कांड में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल हीरो स्पलेन्डर, निबंधन संख्या जेएच 11 एए/6368 और दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पीड़िता के नाबालिग होने के कारण मामले में पोक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। थाना प्रभारी ने कहा है कि पूछताछ के दौरान देह व्यापार से जुड़ी और भी जानकारी मिली है, उस दिशा में पुलिस का आगे अनुसंधान जारी है। छापामारी दल में थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, पुअनि मुकेश कुमार, पुअनि शंकर राम, सअनि मुनिका टुडू व सशस्त्र बल शामिल थे।

## पिपरवार में निजी वाहन चालकों ने सड़क पर उतर किया विरोध प्रदर्शन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले विभिन्न परियोजना मे वाहन चलाने वाले प्राईवेट वाहन चालकों का चक्का जाम हड़ताल सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। दस सूत्री मांगों को लेकर प्राईवेट वाहन चालक जनता मजदूर संघ के बैनर तले हड़ताल पर है। हड़ताल के तीसरे दिन सोमवार की सुबह सभी प्राइवेट वाहन चालक बचरा झूला पुल के समीप सड़क पर उतरकर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य प्राइवेट वाहन चालकों को भी हड़ताल का समर्थन करने की अपील की। वहीं प्राइवेट वाहन चालक लगातार तीसरे दिन पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन पर बैठे रहे। जिसमे जनता मजदुर संघ एनके पिपरवार के कई पदाधिकारी सहित स्थानीय प्राईवेट वाहन चालक शामिल है। मौके पर जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव के प्रताप यादव, निर्मल सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव, डीपी सिंह, आदेश गंझू, बबलू कुमार राम, रंजीत सिंह, बल्लु सिंह, मोहम्मद रिंकू, गुड्डू कुमार, रिंकु, महेश महतो सहित कई चालक मौजूद थे।

## सहायक अध्यापिका के असामयिक निधन पर अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने जतायी संवेदना



खूंटी(आजाद सिपाही)। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सुवारी की सहायक अध्यापिका सुषमा लुगुन का सोमवार को असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय पाठक ने गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि बाहर रहने के कारण वे अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नियमावली में अनुकंपा के आधार पर उनके परिवार के सदस्य को नौकरी मिलनी चाहिए, लेकिन अनुकंपा की प्रक्रिया को इतना जटिल बनाया गया है कि नियमवाली बनने के बाद अनुकंपा में एक भी व्यक्ति को नौकरी नहीं मिली। मोर्चा ईपीएफ एवं अन्य लाभ दिलाने के लिए संकल्पित है। सुषमा लुगुन के दफन संस्कार में प्रखंड अध्यक्ष जीता मिंज, जेवियर होरो, सुरेश तिर्की, जिरेन होरो, फेदवा लकड़ा, सुनीता कुमारी, फिलिस्ता, उर्शेला, सुधा, कृपा बारला, मंजुलता, सालनी, विद्यावती, महादेव, एंजलीना समेत कई सहायक अध्यापक शामिल हुए। अपने स्तर से तत्काल कुछ सहायता राशि भी मोर्चा की ओर से दी गयी।

# सड़क हादसे में उषा मार्टीन यूनिवर्सिटी के छात्र की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची-पुरुलिया सड़क पर होटल राजधानी गोंदलीपोखर के निकट सोमवार की शाम करीब चार बजे एक बाईक (जेएच24 एल1530) सवार युवक को एक ट्रक (डब्ल्यु बी 53 ए5346) द्वारा पीछे से धक्का मारने से बाईक सवार युवक की घटना स्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक का चक्का युवक के उपर चढ़ जाने से कंधा के उपर उसका शरीर बुरी तरह से कुचल गया था। युवक की पहचान शुक्रांत कुमार सिंह पिता रवि सिंह के रूप में हुई है। युवक अनगड़ा स्थित उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में बीएससी फोरेंसिक साईंस का छात्र था। वह हॉस्पिटल कॉलोनी भूरकुंडा रामगढ़ का रहने वाला था। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क जाम हो गया। सूचना पाकर मौके पर थाना प्रभारी हीरालाल शाह घटनास्थल पहुंचे तथा शव को अपने कब्जे में लिया। मौके पर ट्रक के चालक को भी हिरासत में ले लिया गया। इस बीच सिल्ली से रांची जाने के क्रम में पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो भी घटनास्थल पर रुके। उन्होंने मौके पर घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा पुलिस को सड़क सुरक्षा एवं मुआवजे को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस को मृतक के परिवार को सरकार से मिलने वाली सहायता राशि के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ट्रक में लोड 28 मवेशी जब्त, चालक फरार, पशु तस्कर गिरफ्तार, गया जेल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक 16 चक्का ट्रक से 28 मवेशी बरामद किया। घटना रविवार की रात 1 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पशु तस्करी का भंडाफोड़ करते हुये एक 16 चक्का ट्रक सीजी- 14 डी 0739 में लदे 28 मवेशियों को जब्त कर लिया। वही पुलिस को देख ट्रक का चालक गुड्डू फरास अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। परन्तु पुलिस ने ट्रक को स्कॉट कर रहे एक काले रंग की टाटा सफारी कार जेएच 01 बीएफ 9977 के साथ सरगना बेड़ो के हाटु निवासी नईम हुसैन को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। वही फरार चालक गुड्डू फरास भी उसी गांव का बताया जा रहा है। मवेशियों को खूंटी से पश्चिम बंगाल के अवैध बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। पुलिस ने जब्त पशुओं को किसानो के बीच वितरण कर दिया। मामले को लेकर रातू थाने में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कांड संख्या 293 /25 दर्ज की गयी है।।

### विधायक ने विद्यार्थियों में साइकिल वितरित की



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को 1515 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कल्याण विभाग के द्वारा छात्रों को उपलब्ध कराई गई साइकिल का वितरण खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप के हाथों कराया गया। इस दौरान विधायक राजेश कच्छप ने छात्र-छात्राओं को साइकिल देते हुए स्कूल आवागमन करने के लिए इसका उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी ने की। मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विजय टोप्पो, बीडीओ विजय कुमार, सीओ कमल किशोर सिंह, एतवा मुण्डा, कृष्णा गोप, कल्याण लिंडा, माधो कच्छप, संतोष कुमार बड़ाईक, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक के साथ अंचलकर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बंधु तिर्की ने हाजियों को किया सम्मानित



**मांडर (आजाद सिपाही)।** डुमरी से हज उमरा जाने वाले हाजियों से मिल कर बंधु तिर्की पूर्व मंत्री ने उन्हें बुके और शाल देकर सम्मानित किया और सामूहिक दुआ मे शामिल हुए। इन्होंने हाजियों से राज्य में शांति, सद्भाव, प्रेम और भाईचारगी के लिए दुआ करने की अपील की। हज उमरा जानेवालों में असलम अंसारी, जमीला खातून,कासिम अंसारी, राबिला खातून, मोईउद्दीन अंसारी, शकीला खातून शामिल थे। इस मौके पर शमीम अख्तर, तबारक खान ने हाजियों को विदा करने की तैयारी में योगदान दिया।

### मारुति मंगल परिवार के सदस्यता अभियान और शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी हुई तेज



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मारुति मंगल परिवार द्वारा व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। संगठन द्वारा लोगों को जोड़ने और समाजसेवा की दिशा में सक्रिय करने हेतु लगातार बैठकें एवं जनसंपर्क किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी 22 सितंबर को रांची जिला अंतर्गत लापुंग प्रखण्ड स्थित साई मंदिर के समीप मारुति मंगल धाम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय नेतृत्वकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, संगठन प्रमुख सुमेश कुमार, संगठन समिति सदस्य मदन कुमार, रामगढ़ जिला प्रभारी अमरनाथ भोगता, स्थानीय मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता सहित रुपेश साहू, दिनदयाल लोहरा, राजेश गुप्ता, आसंद मध्ये और शशि महतो की भागीदारी सराहनीय है।

# लापुंग में दो नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी भेजा गया जेल

**दो नाबालिग के साथ यह कुकर्म करनेवाले को कड़ी सजा मिले : किशोर साहू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** सुकुरहुटू जंगल में नाबालिक बच्ची से बलात्कार मामला में दो आरोपी को जेल भेजा गया। लापुंग थाना क्षेत्र में शर्मनाक घटना दो नाबालिग 16 वर्षीय छात्रा के साथ 17 अगस्त को दिन के 11 बजे बलात्कार हुआ। गांव के जंगल के किनारे दोनों बच्ची बकरी चरा रही थी, उससे डरा धमका कर जबरदस्ती जंगल ले गये और धमका कर बलात्कार किया गया। जब बच्ची ने हो-हल्ला किया तब दोनों आरोपी पल्सर मोटरसाइकिल छोड़ कर भाग निकले। दोनों बच्ची नवम वर्ग की छात्रा थी।

बलात्कारी अयान अंसारी, पिता सहवान अंसारी एवं एक अनिरुद्ध हैं। दोनों गांव डोंबा भरनो गुमला के दोनों को लापुंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लापुंग थाना में देर रात आठ बजे 17 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गयी। गांव के लोग और गणमान्य लोगों ने इस घटना में दुःख व्यक्त किया। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कहा। घटना की जानकारी होते ही लापुंग थाना पहुंचे हिंदू जागरण मंच के संयोजक किशोर साहू, पवन साहू, समाज सेवी श्यामा प्रसाद सिंह, तेली समाज के मंत्री चरकू साहू, विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, महेश साहू, सत्यनारायण सिंह के अलावे अन्य लोगों ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग किया ताकि यह घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। घटना स्थल से आरोपी भाग खड़ा हुआ उसका मोटरसाइकिल ग्रामीणों ने जब्त कर लापुंग थाना को सौंप दी है।

## समीम खान सर्वसम्मति से बने कांग्रेस पार्टी के सिरका पंचायत अध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत रविवार को सिरका पंचायत के महेशपुर बगान टोली शिव मंदिर के पास रविवार को एक बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने किया, जबकि संचालन जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कांग्रेस पार्टी सिरका पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष समीम खान, उपाध्यक्ष विजय मुंडा, रंजीत करमाली, महासचिव कामेश्वर मुंडा, बजाज मुंडा, नागेंद्र मुंडा, मनीराम नायक, विजय नायक, दशरथ पहान, सोनी परवीन, कुलेश्वर मुंडा एवं परवेज खान बनाये गये। वहीं बूथ संख्या 133 के बूथ लेवल एजेंट कुलेश्वर मुंडा, बूथ नंबर 132 के विजय मुंडा बूथ नंबर 131 के विजय नायक, बूथ नंबर 130 के मनीराम नायक एवं बूथ नंबर 129 के रंजीत करमाली चुने गये। मौके पर साकिर अंसारी, सरिता देवी, छोटेलाल महतो, अनिता देवी, रज्जाक अंसारी, योगेंद्र बेदिया, आशीष मुंडा, सुनिता देवी परवेज खान, जफर हसन खान, चंचल मुंडा, आलम अंसारी, लालू पहान, संदीप मुंडा, रीता देवी, सोमरा मुंडा, नागेंद्र मुंडा, छोटे खान, उमेश बैठा, अर्जुन करमाली, मोबिन खान, मजेश मुंडा, राजकिशोर मुंडा, सागर करमाली मौजूद थे।

## पिठोरिया की शिवानी, नंदिनी और सीता का अंडर 14 झारखंड टीम में हुआ चयन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** राइट टू किक के मुख्य कोच आनंद प्रसाद गोप से फुटबॉल खेल में प्रशिक्षित तीन किशोरियों का चयन अंडर 14 झारखंड टीम में हुआ है। ये तीनों पिठोरिया थाना क्षेत्र के चारीहुजीर गांव की हैं। इनका नाम शिवानी कुमारी, नंदिनी कुमारी और सीता कुमारी है। जोरहाट, असम में 20 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में खेलेंगी। शिवानी कुमारी, नंदनी कुमारी और सीता कुमारी तीनों गरीब परिवार से हैं। शिवानी और सीता के माता-पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। नंदनी की मां झाड़ू- पोछा की काम करती है जबकि पिता मजदूरी का काम करते हैं। ये तीनों अपनी प्रतिभा की वजह से झारखंड की टीम में जगह बनाई हैं। संप्रति कोच आनंद प्रसाद गोप, अंशु कुमारी, रितिक, सन्नी, संदीप और मनोज चारीहुजीर, विकास और दुबलिया गांव में 235 लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दे रहे हैं। तीनों किशोरियों के झारखंड टीम में चयन होने पर भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने बधाई दी है।

# दूसरे दिन भी नहीं निकाला जा सका समीर का शव

**एनडीआरएफ की टीम आज दोबारा खोजबीन करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करकट्टा गांव स्थित बंद खदान में डूबे नामकुम तेतरी टोली निवासी राजकुमार राय का 18 वर्षीय बेटा समीर कुमार का शव दूसरे दिन भी नहीं मिला। सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने शाम पांच बजे तक खदान के पानी में खोजबीन की, परंतु शव नहीं निकल पाया। बीच-बीच में बारिश होने से भी टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को दोबारा एनडीआरएफ की टीम खोजबीन करेंगी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार की सुबह मृतक समीर के पिता राजकुमार राय यादव सहित दर्जनों रिस्तेदार एवं काफी संख्या में ग्रामीण खदान के पास पहुंचे थे। सभी टकटकी लगाए थे की कब शव बाहर निकलें। शव नहीं मिलने से निराश होकर परिजन शाम में वापस लौट गए। मृतक समीर का एक बड़ा भाई एवं एक छोटी बहन है।



खदान पहुंचे पिता ने बताया कि समीर अपनी मां एवं भाई-बहन के साथ जोरार तेतरी टोली के पटियादोन में किराए के मकान में रहता था। पिता बिहार के दानापुर में रहकर काम करते है। रविवार की दोपहर साढ़े बारह बजे घर से निकला एवं अपने दोस्त किट्टू एवं कैलाश के साथ खदान घूमने आया था। जहां किट्टू व समीर खदान के पानी में नहाने उतरा जबकि कैलाश किनारे बैठा था। नहाने के दौरान समीर गहरे पानी में डूब गया। जिसे दोस्त ने बचाने का प्रयास किया परन्तु सफलता नहीं मिली। किट्टू ने ही 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद परिजनों को जानकारी दी गयी।

करकट्टा गांव स्थित सड़क निर्माण कार्य करा रही मधुकॉन कंपनी का प्लांट एवं पत्थर खदान था। विभाग द्वारा कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने के बाद प्लांट एवं खदान बंद हो गया। इससे पहले भी नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो चुकी है। लोगों ने बताया कि खदान की गहराई 150 से 200 फीट है।

## धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम में नारायणी यूथ क्लब नामकुम जोरार की ओर से पहली बार कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गयी और रात 12 बजते ही भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के अवतार में जन्म लेते ही पूरे पंडाल खुशियों से झूम उठा और जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर क्लब द्वारा भजन-किर्तन का भी आयोजन हुआ। वहीं, रविवार देर शाम मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्री कृष्ण का रुप धारण कर तरह-तरह के नृत्य, संगीत कर लोगों का मन मोह लिया। नारायणी युथ क्लब के बच्चों ने 15 फीट, बालिकाओं ने 20 फीट और युवा सदस्यों ने 25 फीट ऊपर बंधे दही हांडी को फोड़ा। इधर क्लब के अध्यक्ष देवानंद गोप ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी पारंपरिक उत्सव है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष देवानंद गोप, अशोक गोप, जोगिंदर महतो, अभिराज आनंद, अनुराग गोप, अविनाश गोप, सुमित थापा, कुलदीप गोप, आर्यन, मयंक, कुंदन अरुण, श्रवण आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## अशोक बेदिया सर्वसम्मति से बने कांग्रेस पार्टी के बीसा पंचायत अध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के बीसा पंचायत में एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने किया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव सह चुनाव प्रभारी शिवदास गोस्वामी की देखरेख में कांग्रेस पार्टी के बीसा पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से बीसा पंचायत अध्यक्ष अशोक बेदिया, उपाध्यक्ष दिलीप पाहन, गणेश भोगता, महासचिव विजय उरांव, पुशुआ लोहरा, फागुराम बेदिया, रामसाय बेदिया, महदु बेदिया, लखीराम करमाली, एतवा भोगता, स्वांसी मुंडा एवं अनिल हजाम चुने गए। वहीं बूथ संख्या 142 के बूथ लेवल एजेंट दिलीप पाहन, बूथ नंबर 143 के गणेश भोगता एवं बूथ नंबर 141 के रामसाय बेदिया बनाए गये। मौके पर सरिता देवी, अनीता देवी, सबिता देवी, अजय आर्या, छोटेलाल महतो, कुलेश्वर मुंडा, आलम अंसारी, महावीर सरदार सहित सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शालिनी अस्पताल अनगड़ा में प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पहुंचे सभी गर्भवती महिलाओं के ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, वजन आदि की जांच की गई तथा उनके बीच आयरन, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सावधानियाँ, पौष्टिक आहार, मानसिक स्वास्थ्य तथा प्रसव की तैयारियों से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिए गए। मौके पर शालिनी अस्पताल के डॉ अमन सैंकी ने कहा कि समय-समय पर प्रसव पूर्व जांच कराना गर्भवती महिला और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। नियमित जांच से गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं की पहचान समय पर हो जाती है, जिससे मां और शिशु दोनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व का अधिकार मिले। शिविर को सफल बनाने में शालिनी अस्पताल के शिशिर भगत, अजित महतो, संपूणानंद, मोहर, रांगलाल, देवेंद्र पाहन, मनीराम रजवार, सुनीता एक्का का योगदान रहा।

# ओरमांझी में मनसा पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी के चांदनी चौक मोहल्ला में मां मनसा देवी की पूजा-अर्चना सोमवार को धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनायी जा रही है। इस पारंपरिक पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां मनसा देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री एवं भाजपा रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, मुखिया रमेश बेदिया, राजेश गुप्ता, राहुल साहू, आनंद महतो, रवि मेहता सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री शशि मेहता ने कहा कि मनसा पूजा आस्था और विश्वास का प्रतीक है। मां मनसा से मेरी प्रार्थना है कि सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन का आशीर्वाद बना रहे। मुखिया दीपक एवं उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि मनसा मां की पूजा हमारी लोक आस्था और परंपरा से जुड़ी है। यह सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देती है। हर वर्ष यहां उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ इस पूजा की लोकप्रियता का प्रमाण है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सिमलिया हाजी चौक से नसीम लापता रातू थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिमलिया-बिजुलिया मार्ग स्थित गुलपरी अपार्टमेंट में रहने वाले नसीम अंसारी रहस्मयी ढंग से लापता हो गये। घटना 16 अगस्त दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है।परिजनों में नसीम को आस पड़ोस के अलावा परिजनों के यहां तलाश किया, परंतु उनका कुछ पता नहीं चल पाया। मामले को लेकर नसीम के पुत्र जीशान अख्तर ने रातू थाने में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया है। परिजनों के मुताबिक नसीम अंसारी 16 अगस्त की दोपहर 2 बजे खाना खाने के बाद ट्राउजर व टी शर्ट पहन के पैदल ही घर से हाजी चौ की ओर निकले थे। फिर नहीं लौटे।

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय भांटबोड़ेया में चोरी

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भांटबोड़ेया में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर लिया। मामले को लेकर स्कूल के प्रचार्य अजय जोसेफ कुजूर ने थाना में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार चोरों द्वारा स्कूल से कई कीमती सामानों को चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी सोमवार को स्कूल खुलने के बाद शिक्षकों को हुई। विदित हो कि पूर्व में भी उक्त विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है। मामले पर थाना प्रभारी सिद्धांत ने कहा कि मामले की छानबीन जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।

### अंकुश नाग राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** स्टार क्लब के प्रशिक्षु अंकुश नाग का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए किया गया है। चयन के लिए कोडरमा में 16 से 17 अगस्त तक 11वां झारखंड स्टेट कैडेट क्योरगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें स्टार क्लब अनगड़ा के 5 प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें अंकुश नाग ने अंडर 87 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रदर्शन के आधार पर अंकुश नाग का चयन आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ। इस उपलब्धि पर स्टार क्लब के कोच संजय मुंडा ने बधाई दी है।

### विजयी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने किया सम्मानित



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी के कुल 499वें विद्यार्थियों ने जुलाई माह में आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स में कलस्टर स्तर पर भाग लिया और आश्चर्यजनक जीत हासिल की। प्राचार्या किरण यादव ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में जीत प्राप्त की है और आगे जोनल स्तर पर भी इसी तरह की जीत हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने यह भी बताया कि क्लस्टर लेवल में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 179 स्वर्ण, 81 रजत और 80 कांस्य पदक समेत कुल 340 पदक अपने नाम किये।

### अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** रानी खटंगा मोहर्रम कमेटी के तत्वावधान में इटकी के रेलवे स्टेशन के निकट के मैदान में चेहल्लुम को लेकर सोमवार को अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रानी खटंगा, टुरुगुरु स्टेशन, शकरपादा, कुंदी, बारीडीह सहित अन्य गांव के अखाड़ों ने भाग लिया। आये सभी अखाड़ों के खिलाड़ीयो ने अपने अलग खेल एवं अस्त्र चालान प्रतियोगिता में अपने करतब दिखाये। कार्यक्रम का शुभारंभ इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार एवं यूथ कांग्रेस कोऑर्डिनेटर आरिफ राजा ने लाठी भाजकर किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में लाल लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, आरिफ राजा, उप प्रमुख परवेज राजा, अजीत केसरी, इरफान अंसारी, मुर्तजा आलम, फजल अंसारी उरूज अंसारी, अहमद अंसारी, रुस्तम अंसारी, तबरेज अंसारी, वसीम आदि उपस्थित थे।

# ठेकेदार पर उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** सीकरी पंचायत अंतर्गत अम्बा टोली गांव में इन दिनों उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने से ग्रामीणों नाराज है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंड का ध्यान नहीं रखा जा रहा। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार अम्बा टोली गांव में ठफ्द्ध फंड से करीब 55 लाख रुपये की राशि से उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जता रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में भवन के गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने भवन की गुणवत्ता को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि ठेकेदार के द्वारा अपनी मनमानी करते हुए भवन निर्माण की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही इस ओर उच्च अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग भी नहीं की जा रही है। शिकायत के बावजूद नहीं दिया जा रहा ध्यान ग्रामीणों का कहना हैं कि ठेकेदार से इस मामले को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन वह भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। छत और पिल्लरों में सरिया भी मानक के अनुसार नहीं लगाया गया। साथ ही निर्माण में सीमेंट का उपयोग भी मानक के अनुसार नहीं लगाया जा रहा है। जो कि जांच का विषय है। ग्रामीणों ने संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टेक्निशियन के द्वारा ही पता चल पायेगा कि उप स्वास्थ्य केंद्र भवन में किस प्रकार की मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। जेइ को लेकर उक्त स्थल का निरीक्षण करेंगे तभी जाकर भवन निर्माण में उपयोग सामग्री के बारे में कुछ कहेंगे।



## मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद साहू और सचिव राधेश्याम केशरी बने



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा मंदिर में आगामी दुर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु मनु साहू की अध्यक्षा में दुर्गा पूजा की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे पुराने समिति को भंग करते हुए नये समिति का गठन किया गया। सर्व सम्मति से मुख्य संरक्षक रोहित कलम कश्यप, अध्यक्ष प्रमोद साहू, उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, निकेश गुप्ता, शिव साहू, संजय साहू, शुभम गुप्ता, सचिव राधेश्याम केशरी सहसचिव भोला प्रसाद साहू, जीतेन्द्र लाल, श्रवण कंसारी, उज्जवल प्रसाद,ओमप्रकाश केशरी, सचिन गुप्ता, गौतम हिंदुस्तान,प्रवीण बैठा, नितिन केशरी, कोषाध्यक्ष आकाश केशरी और मयंक कौशल अंकेक्षक सुदेश केशरी को चुना गया। वहीं मुख्य सलाहकार और सहयोगी में राहुल कमल कश्यप, संतोष गुप्ता गुड्डू और मनीष हिंदुस्तान का चुनाव किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वर्तमान अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा जिसमे सभी ग्रामीणों का बढ़ चढ़ के अपना सहयोग करना है। बैठक में मुख्य रूप से ऋषिकेश सारंगी,बसंत गुप्ता, शिव प्रसाद साहू, विशाल गुप्ता, कुमुद सारंगी, विजय मिश्रा,दयानन्द केशरी, रुपेश सोनी, राजेंद्र साहू, मनीष साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तिर्रा महादेव कोना पूजा समिति की बैठक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिर्रा महादेव कोना में तिर्रा महादेव कोना पूजा समिति बसिया की एक आवश्यक बैठक सतीश ओहदार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमे पुराने कमेटी को भंग करते हुए नये कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में सर्वसम्मति से संरक्षक के रूप में किस्टो प्रसाद साहू एवं गौरी शंकर चौधरी, अध्यक्ष के रूप में सुशील कुमार होता, सचिव में सतीश ओहदार, कोषाध्यक्ष में बलि राम ओहदार, उपाध्यक्ष में संजय साहू का चयन किया गया। सांस्कृतिक प्रोग्राम की जिम्मेदारी संजय साहू ओर सुनील साहू को दिया गया। इस मौके पर पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंजुमन प्रवक्ता ने चेहल्लुम के सफल आयोजन पर दिया धन्यवाद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चहल्लुम का जुलूस अमन और शांति के साथ रविवार को समाप्त हो गया। अंजुमन प्रवक्ता आशिक अंसारी ने जुलूस में शामिल अखाड़ों, पुलिस प्रशासन और सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि इस साल चहल्लुम के जुलूस में कुल 12 मुहल्ले कि कमेटियों ने भाग लिया। युवाओं ने जमकर, तलवार, लाठी, नेजा, बल्लम के करतब दिखाऐ और बंदिश खेल का प्रदर्शन किया। ताजिया, डीजे झंडे के साथ मुहर्रम कमिटी के लोग जुलूस में शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक भूषण तिर्की, विशिष्ट अतिथि गुमला के एसपी हारिस बिन जमा थे। आपसी सौहार्द की मिसाल कायम करते हुए सेंट्रल मुहर्रम कमिटी ने सभी वर्गों के लोगों को पगड़ी पोशी की। जुलूस को कामयाब बनाने में सेंटरल मुहर्रम कमिटी, असलम खान उस्ताद, मो गयास, अंजुमन के सदर मोशाहिद आजमी, सचिव मो मकसूद, हाजी सुलतान अंसारी, अफसर आलम, मो शमीम खान, मो जबीउल्लाह, मो कैसर आदि शामिल है। चहल्लुम जुलूस को कामयाब बनाने में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन ने भरपूर सहयोग किया।

## सरना और पड़हा समुदाय की सामूहिक बैठक 31 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरना एवं पडहा समुदाय के प्रतिनिधियों की बैठक 31 अगस्त 2025 को उरांव सरना क्लब लोहरदगा रोड गुमला में रखी गयी है। बैठक पूर्वाह्न के 11 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी समाज सेवी एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य हंदू भगत ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले भर के आदिवासी सरना समुदाय और पड़हा समुदाय के समस्याओं पर चर्चा किया जायेगा। इसके साथ ही चैनपुर प्रखंड के टीनटांगर पतराटोली सरना स्थल में कैथोलिक चर्च के द्वारा ग्रोटो एवं सरना स्थल में निर्मित चर्च को खाली कराने जैसे गंभीर विषय, झारखंड राज्य के सभी सरना स्थल की घेराबंदी राज्य सरकार जल्द करें। इसके लिए भी चर्चा एवं प्रयास किया जायेगा। बैठक में पवित्र धार्मिक स्थल सिरा सीता धाम के विकास के लिए 25 एकड़ भूमि सरकार से मुहैया कराने की भी मांग पर चर्चा की जायेगी। बैठक में पेसा अधिनियम को लागू करने और अन्य कई सामाजिक बिंदुओं पर भी चर्चा किया जायेगा।

## फरार आरोपी हरे उरांव को बिशुनपुर पुलिस ने पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** बिशुनपुर थाना कांड संख्या 03/25 में नामजद एवं आर्म्स एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त हरेंद्र उर्फ हरे उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सातो नवाटोली निवासी हरे उरांव झांगुर गुट के रामदेव उरांव का करीबी सहयोगी बताया जाता है। थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने जानकारी दी कि आरोपी लंबे समय से फरार था। इस दौरान पुलिस उसकी तलाश में कई बार छापेमारी कर चुकी थी, लेकिन हर बार वह बच निकलता था। हाल ही में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हरे उरांव अपने गांव सातो नवाटोली आया हुआ है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की और विधि सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार हरे उरांव झांगुर गुट का सक्रिय सदस्य है, जो क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाता रहा है। उसके खिलाफ बिशुनपुर थाना में आर्म्स एक्ट के अलावा कई अन्य मामलों में संलिप्त होने की बातें सामने आयी हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## सिसई श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना रोड सिसई में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर श्री दुर्गा पूजा समिति का बैठक 17 अगस्त 2025 को संध्या 7 बजे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता सुधीर साहु के द्वारा किया गया। जिसमें पूर्व की समिति को भंग कर नये समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में अध्यक्ष बिट्टू गुप्ता, उपाध्यक्ष आशिष यादव, राजेश सरदार, हिन्दू बबलू, राजेश लोहरा, उमेश माली, विकास लाल, हिमांशु गुप्ता, सुजीत उरांव, सचिव विनोद साहू, अंकू साहू, सह सचिव संतोष गुप्ता, मयंक गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर साहू, सह कोषाध्यक्ष पंकज साहु, पूजा प्रभारी – सुशांत केशरी, सूरज ठाकुर, सौरभ लाल, मंटू साहु, कुन्दन वर्मा संरक्षक तेज मोहन साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, संदीप गुप्ता, विनय केशरी, बलम वर्मा, रूपेश साहु, धनी राम यादव, नवीन गुप्ता, पंकज गुप्ता, रामवतार साहु उर्फ नन्हू का चयन किया गया।

## कस्तूरबा की छात्रा मालती का नागपुरी देशभक्ति गीत वायरल, मिली बधाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में इस बार एक छात्रा ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिशुनपुर की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा मालती कुमारी ने ठेठ नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। उनकी मधुर आवाज और ओजपूर्ण प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम के बाद इस गीत का वीडियो को बिशुनपुर के अरुण कुमार गिरी ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया तो यह देखते ही देखते वायरल हो गया। रातों-रात हजारों लोगों ने इसे साझा किया और अब तक इस गीत को एक मिलियन से अधिक लोगों ने पसंद किया है। खास बात यह है कि लोग न केवल इस गीत को सुन रहे हैं, बल्कि कमेंट कर मालती की सराहना भी कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर गाया गया यह गीत अब देशभर के लोगों तक पहुँच रहा है, जो मालती और उनके विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। मालती कुमारी की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और स्थानीय प्रशासन ने खुशी जतायी है। प्रखंड प्रशासन ने छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि मालती में संगीत की विशेष प्रतिभा है और यदि उसे उचित मंच मिला तो वह भविष्य में बड़े स्तर पर पहचान बना सकती है। मालती की यह सफलता न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे प्रखंड के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर मालती को बधाई देने वालों में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, विद्यालय के वार्डन अर्चना एक्का, सहित कई लोग शामिल हैं।

## सिमर टोली गांव की बिजली समस्या को लेकर मिशन बदलाव ने कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने मिशन बदलाव टीम को संपर्क कर बताया था विगत तीन महीना से हमारे गांव में बिजली नहीं है। बिजली नहीं होने के वजह से बच्चों की पढ़ाई लगातार बाधित हो रही है और पूरे ग्रामीणवासी 3 महीने से अंधकार में रहने को विवश है। इन सभी मामलों को जब सोनमती कुमारी ने गांव वालों के आग्रह पर प्रखंड के सिमर टोली गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी सभी समस्याओं को बताया और बोले कि पिछले 3 महीने से हम सभी ग्रामीण बिजली की समस्याओं से जूझ रहे हैं। गांव में बिजली नहीं होने के वजह से बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित है, 3 महीने से बच्चे अपने पढ़ाई लिखाई भी नहीं कर पा रहे हैं। सभी मामलों को सामंती कुमारी ने गंभीरता से सुना उसके बाद उन्होंने मिशन बदलाव टीम के जिला सचिव सैयद खातून को संपर्क किया। सइद खातून के नेतृत्व में मिशन बदलाव की टीम विद्युत कार्यपालक अभियंता के पास पहुंची और उन्होंने पूरे मामलों को लेकर अवगत कराया। विद्युत कार्यपालक अभियंता में पहुंचने के क्रम में विषम वल्लभ सदस्य सोनमती कुमारी, भूषण सिंह और रायडिह सिमरटोली के सभी ग्रामीण उपस्थित हुए। सोनमती कुमारी ने बताया कि विद्युत कार्यपालक अभियंता कार्यालय में सभी मामलों को बहुत गंभीरता से लिया गया है, बहुत जल्द ग्रामीणों की समस्याओं को पहल करने के लिए विभाग के द्वारा कदम उठाया जायेगा। सरस्वती कुमारी ने भी बताया कि ट्रांसफार्मर बनाने के नाम से विद्युत कार्यालय विभाग के द्वारा 6000 का कलेक्शन भी किया गया है और अभी तक ग्रामीणों को टालमटोल किया जा रहा है। सभी मामलों को अवगत कराने के बाद विभाग ने कहा जिन्होंने भी 6000 लिया है उनके उपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।























## उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने दी दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सोमवार को टुंडी के पोखरिया में मनियाडीह स्थित शिबू सोरेन आश्रम में विधायक टुंडी सह शिबू सोरेन आश्रम के संरक्षक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्मृति शेष - दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने आश्रम का भ्रमण किया। दिशोम गुरु के कमरे का अवलोकन किया। तत्पश्चात उन्होंने आश्रम के प्रांगण में पौधारोपण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन भारत की आदिवासी चेतना के महानायक थे। उनका संघर्ष, बलिदान व नेतृत्व सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। वे झारखंड की माटी के कण-कण में जीवित रहेंगे। इसके बाद उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर के अलावा अन्य प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## घायल गायों की सुरक्षा के लिए पवित्रम सेवा परिवार ने उपायुक्त से की मुलाकात



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पवित्रम सेवा परिवार के प्रतिनिधि मंडल ने धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन से भेंट कर सड़क पर प्रतिदिन होने वाली गायों की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का आग्रह किया। वर्तमान में सड़कों पर घायलों और दुर्घटनाग्रस्त गायों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिनमें कई मामलों में उनकी मृत्यु तक हो जाती है। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों से घायल और बीमार गायों को सुरक्षित स्थान या गोशाला तक पहुंचाने एवं उनकी सेवा करने का कार्य कर रहा है। इस कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए संस्था ने एक विशेष एम्बुलेंस भी तैयार की है, जो क्रेन की सहायता से घायल गायों को सड़क से उठाकर पवित्रम सेवा धाम तक ले जायेगी। 28 अगस्त 2025 को धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन और बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता द्वारा पवित्रम सेवा धाम का शिलान्यास किया जायेगा। यहां बीमार और घायल गोवंश का इलाज, सेवा एवं गोबर और गोमूत्र से बने उत्पादों का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा धाम में बच्चों के लिए बुक बैंक, वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुस्तकालय और प्राकृतिक चिकित्सा जैसे कई अन्य सेवा प्रकल्प शुरू करने की योजना है। पवित्रम सेवा परिवार की अध्यक्ष किरण सिन्हा, संस्थापक अजय भरतिया, योगेंद्र तुलस्यान, राजेश सिंह, उज्ज्वल सिंह, वंदना घोषाल, निधि मुंजाल और पूरी टीम ने उपायुक्त को शिलान्यास कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। उपायुक्त ने पूरे विषय को गंभीरता से समझा और सहयोग का आश्वासन दिया। पवित्रम मातृशक्ति की बहनों ने उपायुक्त को मंत्रोच्चार के साथ राखी बांधकर गोमाता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कुछ दिनों पूर्व पवित्रम सेवा परिवार ने एसएसपी प्रभात कुमार और डीएसपी डीएन बंका से भी मुलाकात कर सड़क हादसों में घायल गोमाता की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया था। उपायुक्त को इस विषय पर विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा गया, जिस पर उन्होंने जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## उद्यमी विकास महोत्सव का शुभारंभ



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया बोकारो जोन द्वारा उद्यमी विकास महोत्सव की शुरूआत सोमवार को समारोह पूर्वक की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त अजय नाथ झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे तथा जिले के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उपायुक्त ने बैंक के इस पहल का स्वागत किया। बैंक ऑफ इंडिया, बोकारो जोन के अधिकारियों ने इस अवसर पर आश्वस्त किया कि बैंक भविष्य में भी उद्यमियों, कृषकों एवं आम ग्राहकों के सामाजिक-आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। उद्यमी विकास महोत्सव का उद्देश्य युवाओं एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार, वित्तीय सहयोग तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर कुल ?35 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। जिससे अनेक उद्यमियों एवं ग्राहकों को वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही विभिन्न योजनाओं पर परामर्श, ऋण सुविधा की जानकारी तथा सफल उद्यमियों के द्वारा अनुभव भी साझा किया गया। मौके पर महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया शुवेंदु बेहरा, जोनल मैनेजर अश्वनी मित्तल एवं उप जोनल मैनेजर निकुंज जैन, मुख्य प्रबंधक रणविजय सिन्हा एवं वरिष्ठ प्रबंधक रितेश आनंद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद के धनबाद आगमन पर उपायुक्त और एसएसपी ने किया स्वागत





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंत्री योगेन्द्र प्रसाद, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार के धनबाद आगमन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने परिसदन भवन में औपचारिक मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री योगेन्द्र प्रसाद के द्वारा उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित धनबाद जिला में हो रहे कार्यों पर चर्चा की गयी।

# 150 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** एसपी के निर्देश पर नशे के अवैध कारोबारी के खिलाफ जिले भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने पेटरवार एवं गोमिया थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बाकी धंधेबाजों की तलाश पुलिस सरगरमी से कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी हरविंदर सिंह को नशे के अवैध कारोबारियों की बाबत गुप्त सूचना मिली। इसके बाद उनके निर्देश पर बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। इस टीम ने सर्वप्रथम जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारडीह में छापेमारी कर एक किलोग्राम अवैध गांजा के साथ दो व्यक्ति तांतरी निवासी सुभाष कुमार साव एवं कुम्हारडीह जरीडीह निवासी सोनू कुमार राय को धर दबोचा। इनके द्वारा अपराध स्वीकारोक्ति के बाद दिए गए बयान एवं निशानेदेही पर टीम ने गोमिया थाना प्रभारी एवं पेटरवार थाना प्रभारी के साथ संयुक्त छापेमारी कर गोमिया थाना अंतर्गत सुजीत कुमार साहू के घर से 77 किलोग्राम गांजा एवं तकरीबन 200 बोतल अवैध शराब जब्त किया।

वहीं, पेटरवार थाना अंतर्गत चिंटू साव के घर में छापेमारी कर 75 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्त में आए सुभाष कुमार साव एवं सोनू कुमार राय को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया एवं अन्य आरोपियों की सरगम से तलाश में जुटी है।

## बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलायेगा बीसीसीएल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोयाबाद कोलियरी के एजेंट संजय नंदा ने कहा कि बीसीसीएल की बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया जायेगा। इसको लेकर जल्द अभियान चलाया जायेगा। इलाके में बिजली की समस्या को लेकर यूनियन नेताओं और ग्रामीणों ने भी इसका समर्थन किया। कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर 12 अगस्त को लोयाबाद व एकड़ा के ग्रामीणों ने लोयाबाद कोलियरी कार्यालय के समक्ष धरना दिया था। इसके बाद प्रबंधन ने उन्हें वार्ता के लिए बुलाया था। वार्ता में एजेंट संजय नंदा, प्रबंधक अभिषेक कुमार, अभियंता तरुण कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि लोयाबाद क्षेत्र में अत्यधित लोड के कारण बिजली की समस्या बनी रहती है। बीसीसीएल की बिजली चोरी कर बेची जा रही है। नेताओं और ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की मांग की है। आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो, बीसीकेयू के संयुक्त महामंत्री मानस चटर्जी ने कहा कि बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं। प्रबंधन बिजली की आपूर्ति में सुधार करे। वार्ता में शंकर केसरी, रौशन पासवान, जलाल अंसारी, संतोष महतो, बिनोद पासवान आदि थे।

## वज्रपात से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के मिटीगेशन प्रोजेक्ट फॉर लाइटिंग सेफ्टी योजना के तहत जिले के गोमिया, कसमार, चास एवं चंदनकियारी के कुछ पंचायतों में वज्रपात से बचाव विषय पर जागरूकता रथ को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिला के लोगों को वज्रपात से बचाने के लिए जन जागरूकता मुहिम चलाने का फैसला लिया है। इसी निर्णय के अंतर्गत जिले के चार प्रखंडों के विद्यालय, ग्रामीण हाट/बाजार, स्वास्थ्य केंद्र, प्रमुख चौक-चौराहे, पंचायत कार्यालय आदि कुल 56 स्थानों पर पंचायतों में वज्रपात जागरूकता रथ घूमेगा। वहां के निवासियों को आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बताया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि हर साल तड़ित से कई लोगों की असमय मौत हो जाती है। जिससे परिवार के साथ साथ राज्य को अपूरणीय क्षति होती है। प्राकृतिक आपदा रूपी विद्युतपात की आशंका जिन क्षेत्रों में ज्यादा महसूस की जाती है, वहां प्राथमिकता के तौर पर इस रथ को घुमाया जायेगा और जागरूकता फैलायी जायेगी।

उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि तड़ित की संभावना को देखते हुए इससे बचाव के लिए जब घर के भीतर रहें तब बिजली संचालित उपकरण से खुद को दूर रखें। तार वाले टेलीफोन के उपयोग से बचें। कपड़ा सुखाने के लिए तार की जगह जूट या सूत की रस्सी का प्रयोग करें। घर के बाहर हों तो वृक्ष के नीचे पनाह न लें। ऊंचे इमारत वाले क्षेत्रों में भी जाने से बचें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा वज्रपात से बचाव वास्ते दामिनी ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप 20किमी रेंज में बिजली गिरने की जानकारी प्रदान करता है। वज्रपात जिले की सबसे प्रमुख आपदाओं में से एक है, जिससे जान माल की व्यापक क्षति होती है। जिला प्रशासन त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए प्रभावित व्यक्तियों के आश्रितों को सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि चार लाख रुपये उपलब्ध कराती है। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार उपस्थित थे।

## धनबाद जेल में कैदी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद मंडल कारा में आज सोमवार को एक कैदी ने आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही उसे धनबाद के शहीद निर्मल महतो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के आइसीयू वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। कैदी की पहचान जितेंद्र रवानी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे हैं। घटना के बाद से धनबाद मंडल कारा में हडकंप मच गया है। जितेंद्र रवानी ने अपने हाथ में कलम से सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या के पीछे की वजह बतायी है। जितेंद्र रवानी ने आत्महत्या करने के पीछे अपने ससुर और अपनी प्रेमिका को जिम्मेदार ठहराया है। मामले में मिली जानकरी के अनुसार जितेंद्र रवानी प्रेम प्रसंग के मामले में ही गिरफ्तार हुआ था।

## डोमगढ़ के लोगों ने मुआवजे की मांग की

**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** एफसीआइ डोमगढ क्षेत्र के वाशिंदों के समक्ष डोमगढ से वेदखली का तलवार लटक रहा है। यद्यपि डोमगढ को खाली कराने के एफसीआइ प्रबंधन के मुहिम के खिलाफ डोमगढ के वाशिंदे आंदोलन कर रहे हैं और डोमगढ के वाशिंदो को विस्थापित नही किया जाये इसका प्रयास कर रहे हैं। परंतु एफसीआइ के ओएसडी 15 अगस्त के मौके पर सिंदरी पहुंच कर स्पष्ट कर दिया है कि डोमगढ का मामला दो केंद्रीय मंत्रालयों का मामला बन गया है। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय सेल के टासरा प्रोजेक्ट के विकास के लिए उर्वरक मंत्रालय से डोमगढ क्षेत्र की 304 एकड जमीन अधिग्रहण की इच्छा व्यक्त की है। जिसे उर्वरक मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। सिंदरी नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने इस स्थिति को ओएसडी के समक्ष रखा और अनुरोध किया कि डोमगढ में रहने वाले ऐसे लोगों को भी मुआवजा दिया जाये जिससे वे अन्यत्र जमीन लेकर अपना आशियाना बना सकें। अजय सिंह ने बताया कि शेखावत ने एफसीआई के स्तर पर मुआवजा देने से इंकार कर दिया है। अजय कुमार सिंह ने बताया कि सेल प्रबंधन रोहडाबांध,टासरा के विस्थापितों को मुआवजा दे रही है तो उसे डोमगढ के विस्थापित शोक को भी मुआवजा देने के विषय में विचार करना चाहिए।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**R.F.P**
SELECTION OF AGENCY FORSUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" AT KGBV MANIKA RESIDENTIAL SCHOOL OF DISTRICT LATEHAR
**Fact Sheet**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at KGBV Manika Residential School, Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Office r, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 18/08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 30/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 02/09/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 02/09/ 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD)online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakhrupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1:** - The eligibility criteria documents as per Annexture -A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2:** - Out of the technically eligible bidders, the agency submitti ng the lowest financial bid will be awarded the project. |

**Note:**
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

**District Planning Officer**
**Latehar**

PR 359708 Planning and Development(25-26)D


## सड़क हादसे में घायल इलाजरत जवान दिलीप पासवान की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बलियापुर (धनबाद) में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए सीआरपीएफ जवान दिलीप कुमार पासवान ने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। वे 64 बटालियन सीआरपीएफ में तैनात थे और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग उड़ीसा में थी। दिलीप पासवान छुट्टी पर अपने निजी आवास लोदना (धनबाद) आए हुए थे। छुट्टी के दौरान ही बलियापुर में एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आयी थीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत झरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन स्थिति लगातार नाजुक बनी रही और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। दिलीप पासवान की मृत्यु की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं लोदना की पूरी बस्ती में शोक की लहर दौड़ गयी है। मोहल्ले के लोग और जान-पहचान के लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंच कर संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद दिलीप का पार्थिव शरीर उनके आवास पर लाया जायेगा, जहां अंतिम दर्शन के लिए जनसमूह उमड़ने की संभावना है। इसके बाद उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जायेगी। सीआरपीएफ और स्थानीय प्रशासन की ओर से जवान के निधन पर शोक व्यक्त किया गया है।

## मिहिजाम में मां मनसा की प्रतिमा की स्थापना

आजाद सिपाही संवाददाता



**मिहिजाम।** सर्पों की देवी मां मनसा पूजा को लेकर इलाके में उत्साह देखी गयी हैं। मां मनसा पूजा मिहिजाम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मनाने के लिए मां मनसा की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मां मनसा का महत्ता काफी अधिक है लगभग सभी लोगों के घरों में पूजा किया जाता है। मां की पूजा को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में काफी चहल पहल देखी जा रही है। मिहिजाम शहर के कुमीर्पाडा, रेलपार छाताडंगाल, निमाई कोठी, मालपाड़ा, कानगोई के साथ कुश्बेदिया, सिउलीबाड़ी, पियालशोला, जियाजोड़ी, बड़जोड़ा, सहरडाल, लधना, चंद्रदीपा आदि ग्राम पंचायतों के दर्जनों गांवों में मां मनसा देवी प्रतिमा स्थापित किया गया है। मध्यरात्रि को देवी मां की पूजा के साथ दुसरे दिन सुबह को बली प्रथा का निर्वाहन किया गाया।।

## ठेका श्रमिक के आश्रित को बीएसएल समूह ने 10 लाख की बीमा राशि का भुगतान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में विभिन्न ठेकेदारों के अधीन कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए लागू की गयी समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पहला दावा का सेटलमेंट करते हुए स्व. अशोक पंडित की पत्नी परमिला देवी को 10 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक 18 अगस्त को प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एके शरण सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे। इस योजना के अंतर्गत बजाज एलियांज बीमा कंपनी द्वारा पहला दावा का सेटलमेंट परमिला देवी के पक्ष में किया गया है। स्व अशोक पंडित का 24 अप्रैल 2025 को बेगूसराय, बिहार में एक सड़क दुर्घटना हुआ था और कुछ दिनों बाद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। उल्लेखनीय है कि बीएसएल ने अपने ठेका श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा और कल्याण को सुदृढ़ करने की दिशा में नवंबर 2024 में समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की शुरूआत की थी। यह योजना बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट, जो बीएसएल के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा गठित निकाय है के माध्यम से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ठेका श्रमिक को दुर्घटनावश मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इस्पात कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की कड़ी में इस्पात भवन स्थित कैंटीन का नवीनीकरण कर उसे एक नया लुक दिया गया है, साथ ही कुछ नयी सुविधाएं भी जोड़ी गयी है। 18 अगस्त को बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने नवीकृत कैंटीन टेस्टी बाइट्स का उद्घाटन किया।


**कार्यालय :जिलामत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालकपदाधिकारी, राँची**

**(आवेदन-पत्र आमंत्रण सूचना)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में झारखण्ड सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), राँची के राज्यादेश सं0 11 रा0 (वि0), दिनांक 04.07.2025से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत राँची जिले में (01) एक केज मत्स्य मित्र की आवश्यकता है। केज मित्र मत्स्य को केज में मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान–प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आकड़ों के संग्रहण/सम्प्रेषण कार्य किया जाना है। इस संदर्भ में केज मित्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिनके लिए अहत्ताऐं निम्नांकित है :–

1. टावेदक शिक्षित बेरोजगार हो एवं आवेदक द्वारा स्वैच्छिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करने की इच्छा हो।
2. आवेदक के पास अपना Android Mobile Phone हो तथा संचालन की जानकारी अच्छी हो।
3. आवेदक को कम्प्युटर का ज्ञान हो एवं अच्छा तैराक हों।
4. आवेदक को इन्टरमीडिएट पास होना आवश्यक है। मत्स्य पालन से संबंधित ज्ञान होना आवश्यक है।
5. आवेदक को मोटरसाईकिल चलाना आता हो एवं स्वयं का मोटरसाईकिल एवं ड्राइविंग लाईसेंस हो।
6. राज्यादेश/सरकारी नियमावली के आलोक में कार्य के विरूद्व केज मित्र को उनके कार्य के अनुरूप पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा, जो 75/–प्रति बैटरी तथा 2500/– रू0 परिवहन एवंइन्टरनेट के लिए देय होगा।
7. आवेदक को अपना कार्य समय एवं नियमानुसार नहीं किये जाने पर उन्हे किसी भी समय कार्य मुक्त किया जाएगा।
8. यह सम्पूर्ण अस्थायी पद है जिस पर कोई दावा आवेदक द्वारा भविष्य में नहीं किया जाएगा।
9. टावेदक को प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी दक्ष होना होगा एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिया जाएगा।

इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त अर्हत्ताओं के अधीन अपना आवेदन दिनांक 06.09.2025 तक जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में जमा कर सकते है। किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार जिला मत्स्य पदाधिकारी के पास सुरक्षित होगा। विशेष जानकारी हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में आकर सम्पर्क कर सकते है। आवेदन के साथ निम्नांकित कागजात संलग्न करना होगा :–

- ➢ स्वैच्छिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करने संबंधित शपथ पत्र।
- ➢ कम्प्युटर कोर्स का प्रमाण पत्र का छायाप्रति।
- ➢ इन्टरमीडिएट अंक प्रमाणपत्र का छायाप्रति।
- ➢ मोटरसाईकिल निबंधन सं0 एवं ड्राइविंग लाईसेंस का छायाप्रति।
- ➢ आधार एवं वोटरकार्ड का छायाप्रति।
- ➢ जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र का छायाप्रति।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 359722 Fish (25-26)_D

# पुतिन ने मोदी को फोन किया, ट्रंप से बातचीत की जानकारी दी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को सोमवार शाम फोन किया। उन्होंने पिछले हफ्ते अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ हुई अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। मोदी ने बातचीत के जरिए यूक्रेन जंग का शांतिपूर्ण समाधान खोजने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत इस संबंध में सभी कोशिशों का समर्थन करता है। पीएम मोदी ने



पुतिन को अलास्का में ट्रम्प के साथ उनकी बैठक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी चर्चा की।

**अलास्का में ट्रम्प-पुतिन की मीटिंग :** रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 15 अगस्त की देर रात अलास्का में मुलाकात की थी। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है।

# खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार के पुनीत राय स्टेडियम में सोमवार को प्रीमियम लिग डे नाइट शार्ट बाउंड्री 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका उद्‌घाटन पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, पवन साव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार नगद राशि तथा उप विजेता टीम को



ट्रॉफी के साथ 11 हजार नगद राशि दी जायेगी। इस मौके श्री सिंह ने कहा कि खेल आपसी एकता का परिचय देता है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं भाजपा नेता पवन साव ने खिलाड़ियों की हौशला बुलंद करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मैच के आयोजन कर्ता सक्षम सेठ, अनीश अग्रवाल, श्रवण शर्मा, दीपक कुमार, शिवम निषाद, कुमार राजा साह, वसीम खान, अफसर खान, अमर साहू, कल्लू सेठ, अनुज चौधरी, सूरज कुमार, सुधीर अग्रवाल, अनिकेत कुमार निषाद हैं। मौके पर धर्मेंद्र सेठ, अमीन तिवारी, श्रीकांत राय, सुकेज हेंब्रम आदि मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री आकाश कुमार
थाना प्रभारी रमना
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री विकाश कुमार पांडेय
प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी रमना, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रोहित वर्मा
विधायक प्रतिनिधि
रमना-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती प्रमिला देवी
मुखीया हरादाग कला
रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राहुल प्रकाश
प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी
रमना-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री आशीष कुमार चंद्रवंशी
आधार केन्द्र संचालक
बीआरसी रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राकेश कुमार पांडेय
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उच्च विद्यालय भागोडीह
रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रविंद्र चौधरी
भाजपा मंडल महामंत्री सह पूर्व उप प्रमुख रमना, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती करुणा सोनी
प्रखंड प्रमुख रमना
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ताहिर अंसारी
झामुमो नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी
रमना, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दशरथ सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरकुटा बसरिया, कला चैनपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निबंधन विभाग
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हुलास महतो
प्रखंड विकास पदाधिकारी,
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परमेश्वर कुशवाहा
अंचल अधिकारी, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष प्रसाद
प्रभारी प्रधानाध्यापक
सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय यादव
जिला महामंत्री
भाजपा कोडरमा जिला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहाना गार्डेन
प्रो. - अमित सहाना
(शादी, समारोह और अन्य कार्यक्रम के लिए उपलब्ध)
राजा तालाब के सामने, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गजेन्द्र राम
अध्यक्ष
लायंस क्लब, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिष्णु कुमार
सचिव
आश्रम आवासीय विद्यालय
नगरितो, चोपनाडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि शंकर
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बबलू कुमार सिंह
थाना प्रभारी
जयनगर, जिला कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ललन यादव
निदेशक
इंडियन प्रोग्रेसिव स्कूल, पातीशाले
पंचायत रूपायडीह, प्रखंड जयनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अयोध्या कुमार
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेक्निक कालेज
गोहाल, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गौतम कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
जयनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. भारती सिन्हा
सदर अस्पताल,
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन पांडेय
पवन मेडिकल हाल
सहाना रोड, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय कुमार
प्रधानाध्यापक
+2 उच्च विद्यालय कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. विशाल कुमार
ओम कौशल्या हास्पीटल
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अभिषेक
सदर अस्पताल
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र कुमार
रेंजर, डोमचांच वन प्रक्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिनोद कुमार मुन्ना
समाजसेवी,
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रशांत उपाध्याय
भागीरथी मातृ सदन,
झुमरीतिलैया

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**